हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



## खबर संक्षेप

### गौसेवा धाम में दुर्घटनाग्रस्त गौवंशों के लिए लगाया गया भंडारा

**बिलासपुर।** आज समाजसेवी सुधा मारदा के गुरू ब्रम्हलीन स्वामी ब्रम्हानंद गिरी के जन्मदिन पर बिलासपुर गौसेवा धाम में एक भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा दुर्घटनाग्रस्त गौवंशों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें सब्जी, फल, गुड़ आदि का दान किया गया। इस गौसेवा कार्यक्रम में अद्रिका एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी/अरण्य गुरुकुलम के अध्यक्ष आशीष कुमार खंडेलवाल, सुधा मारदा, प्रभा किरण साहू, अद्रिका खंडेलवाल, मोना केंवट एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर इस पुण्य कार्य में अपना योगदान दिए। इस भंडारे का उद्देश्य दुर्घटनाग्रस्त गौवंशों की सेवा करना और उनकी देखभाल करना था। गौसेवा धाम में इन गौवंशों को आश्रय और भोजन प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने गौवंशों की सेवा करने का संकल्प लिया और समाज में गौसेवा के महत्व को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। समाजसेविका सुधा ने कहा हमें गर्व है कि हम इस गौसेवा कार्यक्रम में भाग ले सके। गौवंशों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है और हमें उम्मीद है कि हम समाज में गौसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में योगदान कर सकेंगे। इस गौसेवा कार्यक्रम के आयोजन से समाज में गौसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाग्रस्त गौवंशों की सेवा करने के लिए प्रेरणा मिलेगी।



## पॉलिटिक्स प्लस

### भाजपा नेता मिश्रा ने लिया धीरेन्द्र शास्त्री का आशीर्वाद

**बिलासपुर।** बागेश्वर धाम में शुरू हुए 15 दिवसीय कन्या विवाह उत्सव के प्रथम दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य चिन्मयानंद बापू ने पहुँच कर परम पूज्य धीरेंद्र शास्त्री के मुखारविंद से चल रही श्री मद भागवत कथा में व्यास पीठ में प्रणाम कर वहा पहुंचे भक्तों को अपना आशीर्वचन प्रदान किए। उनके साथ भाजपा नेता रोहित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ट्रस्टी चंद्रचूर्ण त्रिपाठी, निज सहायक मयंक वैद्य, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष तिवारी, अखिलेश पाण्डेय सहित लोग शामिल हुए।



## निधन

### दुर्गा प्रसाद मौर्य



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर निवासी 82 वर्षीय दुर्गा प्रसाद मौर्य का 8 फरवरी को निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार 9 फ़रवरी सोमवार को सुबह 10 बजे तोरवा मुक्तिधाम में होगा। वे रमा मौर्य के पति व सुभाष, आशीष, गिरीश, गौरी व दीपा के पिता थे।

### रत्ना देवी मिरी



**बिलासपुर।** तखतपुर निवासी रत्ना देवी मिरी का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 फ़रवरी को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे गोपाल प्रसाद जग्गू मिरी की पत्नी, सुखनलाल मिरी की बहू, संतोष, गौतम, गजेंद्र एवं अविनाश मिरी की माता थीं।

### उर्मिला सोनी



**मुंगेली।** सोनारपारा निवासी उर्मिला सोनी पति स्व बसंत सोनी का 65 वर्ष की उम्र में 7 फरवरी शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 8 फरवरी को खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे मनीष बूट हाउस के संचालक एवं भाजपा नेता मनीष अन्नू सोनी की माताजी थीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं।

### पूजा पोर्ते



**तखतपुर।** ग्राम पंचायत दर्री निवासी पूजा पोर्ते का 25 वर्ष की आयु में 8 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम दर्री में किया गया। वे राजा पोर्ते की पत्नी, पूर्व सरपंच देवी लाल नेताम की भांचा बहू थीं।

### ब्रजबिहारी सिंह



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम महंत निवासी ठाकुर हरगोविंद सिंह के भतीजे ब्रजबिहारी सिंह का शनिवार 7 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### अंबिका देवी शर्मा



**बिलासपुर।** बिल्हा तहसील चौक निवासी अंबिका देवी शर्मा (87) वर्ष का 8 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम देव किरारी में 9 फरवरी को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे कृष्ण कुमार शर्मा व राजेंद्र शर्मा की माता थीं।

### मिलनमल टेकवानी



**बिलासपुर।** तखतपुर बग्गा मार्केट में मिलन स्वीट के संचालक मिलनमल टेकवानी का 8 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 9 फरवरी को तखतपुर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कर्मचंद टेकवानी, नोतन टेकवानी, बलराम टेकवानी के पिता थे।

---

**आईएनएच का 'सार्थक संवाद'** पूर्व मंत्री, शहर विधायक ने बजट पर की चर्चा

# केंद्रीय बजट विकसित भारत 2047 की मजबूत नींव : अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईएनएच न्यूज़ चैनल के कार्यक्रम "सार्थक संवाद" में केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक अमर अग्रवाल ने बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प की मजबूत आधारशिला बताया।

प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी से चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि बजट केवल आय–व्यय का दस्तावेज नहीं होता, बल्कि यह सरकार की नीयत, संकल्प और देश के विकास की दिशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी के बाद भी बजट का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि इसकी भूमिका और अधिक रणनीतिक हो गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, जबकि आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन परफॉर्मेंस और आउटकम आधारित बजटिंग का परिणाम है। पूंजीगत व्यय पर जोर देते हुए अमर अग्रवाल ने कहा कि इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए लगभग 13 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो कुल बजट का लगभग 27 से 28 प्रतिशत है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और अर्थव्यवस्था को सीधा बल मिलेगा।



कर्ज के विषय पर श्री अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि केवल कर्ज की राशि देखना उचित नहीं है, बल्कि यह देखना जरूरी है कि कर्ज का उपयोग कहां किया जा रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा लिया गया कर्ज एम्स, सड़क, रेल, एयर कनेक्टिविटी और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास में लगाया गया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। मुफ्त योजनाओं को लेकर अमर अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्टार्टअप और रोजगार से जुड़ी योजनाओं को रेवड़ी नहीं कहा जा सकता। जरूरतमंदों के लिए की गई सहायता वर्तमान की आवश्यकता है। गैर-जरूरी और अनियंत्रित खर्च ही चिंता का विषय है, जिसका उल्लेख आर्थिक सर्वेक्षण में भी किया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 15,000 स्कूलों में एनीमेशन, गेमिंग, इमेजिंग और कॉमिक्स जैसे नए कोर्स शुरू किए जाएंगे। वहीं, प्रत्येक जिले में ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्था की गई है और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं निरंतर जारी हैं।

### रक्षा बजट बढ़ाने से देश सशक्त

रक्षा बजट पर अमर अग्रवाल ने कहा कि बढ़ा हुआ रक्षा बजट असुरक्षा का संकेत नहीं है, बल्कि भविष्य की किसी भी चुनौती से निपटने के लिए भारत को और सशक्त बनाने की तैयारी है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पर उन्होंने कहा कि डेटा सेंटर पर टैक्स छूट, एमएसएमई के लिए विशेष बजट, लखपति दीदी योजना, कृषि में एआई आधारित बाजार व्यवस्था, जल मार्गों का विकास तथा केमिकल और फार्मास्यूटिकल पार्क जैसे प्रावधान आयात घटाने और निर्यात बढ़ाने में सहायक होंगे। आयकर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि पिछले बजट में दी गई राहत के बाद इस वर्ष स्थिरता बनाए रखना जरूरी था और राजस्व संतुलन भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में अमर अग्रवाल ने कहा कि यह बजट वर्तमान जरूरतों और दीर्घकालिक विकास के बीच संतुलन बनाता है तथा आने वाले वर्षों में भारत को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

---

कार्यालय में ही लगा दिया है बैनर-पोस्टर

# लाइसेंस टेस्ट के नाम पर आरटीओ में हो रही नियमों की अनदेखी, देखने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




परमानेंट लाइसेंस के लिए आवेदकों को गाड़ी चलाकर दिखाने की नौबत आती है,नियमों के अनुसार गाड़ी स्वयं की होना अनिवार्य है लेकिन इस मजबूरी का फायदा उठा निजी लोगों के द्वारा आरटीओ कार्यालय में दुकानदारी की जा रही है। इसके लिए गाड़ी किराए पर उपलब्ध है और बकायदा प्रचार-प्रसार करने का ठेका आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों ने संभाल रखा है। कार्यालय में ही बैनर-पोस्टर टांगा गया है।

परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए कई तरह की सहूलियत दी गई है, इसके लिए शहर में ही परिवहन केन्द्र बनाए गए हैं, जहां न्यूनतम शुल्क में लर्निंग लाइसेंस बनाया जाता है, लेकिन परमानेंट लाइसेंस के लिए परिवहन कार्यालय जाना जरूरी होता है। इस दौरान आवेदकों को स्वयं की गाड़ी भी लाने की जरूरत पड़ती है। उधर आरटीओ कार्यालय में दलालों का कब्जा हो चुका है। गाड़ी नहीं लाने पर दलाल कार, बाइक और अन्य वाहनों की सेवा दिला रहे हैं, इसके लिए आवेदकों से मनमाना रूपया भी ऐंठते हैं, लेकिन यह सब आरटीओ कार्यालय में बैठे कर्मचारियों के शह पर चल रहा है। दरअसल दलालों ने इसके लिए कार्यालय में ही बैनर-पोस्टर लगा दिया है, इसमें ड्राइविंग टेस्ट के लिए वाहन उपलब्ध लिखा गया है, वहीं अपना मोबाइल नंबर भी दिया गया है। ऐसे में टेस्टिंग की हकीकत सामने आ रही है। सरकारी कार्यालय के भीतर दुकानदारी करने वाले दलाल कर्मचारियों को ही डराने-धमकाने में लग चुके है, जिससे अराजकता का माहौल पनपने लगा है।

### अफसर के नहीं होने का लाभ

बताया जा रहा है कि आरटीओ के दौरे पर रहने पर यहां दलालों का राज चलने लगता है। कार्यालय में एसआई की पदस्थापना है, लेकिन स्वास्थ्यगत कारणों के चलते लंबे समय से छुट्टी पर चल रहे है। जिससे कार्यालय में दलालों का कब्जा होने लगा है। कर्मचारियों को धमका कर काम निकलाने के मामले में कई दलाल नियमों की अनदेखी करने से भी बाज नहीं आ रहे है। जिससे कई बार कर्मचारी और दलालों के बीच बहस भी हो रही है।

### कार्रवाई की जाएगी

बैनर पोस्टर हाल ही में लगाया गया होगा, मेरी जानकारी में नहीं आया है, इसे तत्काल हटाया जाएगा। वहीं ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

**-असीम माथूर**, आरटीओ, परिवहन विभाग

---

# बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर बनेंगे प्रश्न पत्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ बनाया गया ब्लू प्रिंट

सरकारी स्कूलों की पहली क्लास से चौथी, छठवीं से नौवीं और ग्यारहवीं की परीक्षाएं डीपीआई (लोक शिक्षण संचालनालय) द्वारा जारी शेड्युल के अनुसार ही करानी होगी। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए तय ब्लू प्रिंट के अनुसार ही उपरोक्त कक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र बनाए जाएंगे। परीक्षा की पूर्व तैयारी के लिए सैंपल प्रश्न पत्रों का निर्माण कर छात्र- छात्राओं को प्रैक्टिस भी कराना होगा। इसके लिए हर हाल में 28 फरवरी तक सभी कक्षाओं के विषयों का सिलेबस पूरा करना होगा और रिवीजन भी कराना होगा।

दरअसल, डीपीआई ने निजी स्कूलों के विरोध के बाद संशोधित आदेश जारी किया, लेकिन पूर्व में जारी गाइडलाइन को यथावत रखा है। हालांकि, डीपीआई ने अपने संशोधित आदेश में निजी स्कूलों को अलग कर दिया। अब निजी स्कूल पहले की तरह अपने अपने स्कूल में ही उपरोक्त परीक्षाएं आयोजित कर सकेंगे। दरअसल, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा संबंधी संशोधित पत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्थानीय स्तर पर आयोजित परीक्षाओं की व्यवस्था केवल शासकीय स्कूलों पर लागू होगी। निजी स्कूलों को इस व्यवस्था से बाहर रखा गया है, जबकि पहले जारी सूची में निजी विद्यालयों को भी शामिल कर लिया गया था।

### 25 मार्च से 10 अप्रैल के बीच होंगी परीक्षाएं

ध्यान रहे कि लोक शिक्षण संचालनालय ने पहली से चौथी, छठवीं से 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। 25 मार्च से 10 अप्रैल के बीच यह परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। सभी जिलों के लिए परीक्षा की समय सारणी जिला शिक्षा अधिकारी के स्तर पर जारी की जाएगी।

### यह था 3 फरवरी का आदेश

3 फरवरी को जारी आदेश में कहा गया था कि छत्तीसगढ़ में 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर बाकी सभी कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाएंगी। इसके लिए डीईओ के माध्यम से 25 मार्च से 10 अप्रैल 2026 के बीच परीक्षाएं कराने के निर्देश थे। यह व्यवस्था शासकीय, अनुदान प्राप्त, अशासकीय और स्वामी आत्मानंद स्कूलों पर लागू की गई थी। साथ ही जिला स्तर पर संचालन समिति, प्रश्न पत्र निर्माण समिति और मॉडरेशन समिति बनाने की भी बात कही गई थी। बाद में विरोध के बाद इसे बदला गया।

---

# सीयू में दो दिवसीय सीए छात्रों के राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन



दीप प्रज्जवलित कर सम्मेलन का शुभारंभ करते अतिथि।

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के बोर्ड ऑफ स्टडीज के तत्वावधान में 7 और 8 फरवरी को सीए छात्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हो गया। इस सम्मेलन का आयोजन आईसीएआई की बिलासपुर शाखा द्वारा किया गया, जिसमें रायपुर, रायगढ़ एवं भिलाई शाखाओं का सहयोग रहा।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न जगहों से सीए छात्रों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य छात्रों को बदलते पेशेवर परिवेश से अवगत कराना, व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना, नेतृत्व क्षमता विकसित करना तथा भविष्य की स्पष्ट दृष्टि के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। सम्मेलन के पहले दिन वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि वक्ताओं में सीए सीएस विजय शारदा , सीए सीएस अंशुल अग्रवाल एवं सीए आशीष कालरा शामिल रहे। वक्ताओं ने सीए प्रोफेशन में आने वाली वर्तमान चुनौतियों, करियर ग्रोथ, नैतिक मूल्यों, स्किल-बेस्ड अप्रोच तथा छात्रों के लिए उपलब्ध नए अवसरों पर मार्गदर्शन दिए। दूसरे दिन सीए पराग गुप्ता, सीए राहुल बत्रा एवं सीए मुस्कान अग्रवाल ने प्रोफेशनल लाइफ में नेटवर्किंग की अहम भूमिका, सही मार्गदर्शन, प्रैक्टिकल एक्सपोज़र, और लॉन्ग-टर्म विज़न के साथ करियर प्लानिंग पर विशेष रूप से जोर दिया। इस सम्मेलन ने छात्रों को न केवल सीखने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें देशभर के साथी छात्रों एवं अनुभवी पेशेवरों के साथ नेटवर्किंग का एक सशक्त मंच भी प्रदान किया।

### गोंदिया से छपरा जक्शन के बीच चलेगी होली स्पेशल

**बिलासपुर।** रेलवे ने होली पर्व पर गोंदिया से छपरा जंक्शन के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 08863/08864 गोंदिया से छपरा और छपरा से गोंदिया के बीच स्पेशल एक फेरे के लिए और 08865/08866 गोंदिया-छपरा-गोंदिया एक फेरे के लिए चलाई जाएगी। 08863 गोंदिया-छपरा स्पेशल एक मार्च को गोंदिया से रवाना होकर डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा होते हुए उसलापुर 23.41 बजे पहुंचकर 2 मार्च की देर रात 00.45 बजे छपरा पहुंचेगी। इसी तरह 3 मार्च को 4.45 बजे छपरा से रवाना होकर उसलापुर सुबह 6.08 बजे होते हुए 11 बजे गोंदिया पहुंच जाएगी। इसी तरह 08865 गोंदिया-छपरा 2 मार्च को गोंदिया से रवाना होकर 3 मार्च की देर रात 00.45 बजे छपरा और छपरा से 4.45 बजे रवाना होकर 5 मार्च को 11.00 बजे गोंदिया पहुंचेगी।

### श्रद्धालुओं ने जाना नर्सिंग अवतार का महत्व, भक्तिरस किया पान

**बिलासपुर ।** नेहरू नगर (गांधी नगर) में स्वर्गीय गोवर्धन साहू की स्मृति में 5 फरवरी से प्रारंभ 7 दिवसीय 'श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ है। जिसमे पूरे साहू परिवार के साथ लोगो की भागीदारी और उत्साह देखने लायक़ थी। कथा के दूसरे दिन 6 फरवरी को तुलसी पूजन की गई। जिसमें भी शहर वासियो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कथा का श्रवण किया। आज कथा के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद की महिमा और भगवान के नर्सिंग अवतार का गुणगान किया गया। इसके साथ ही कथा पंडाल की सजावट और भव्यता की भी बहुत सराहना हो रही है ।

### कलिंगा यूनिवर्सिटी ने दीपक को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** कलिंगा यूनिवर्सिटी ने डीपी विप्र महाविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक दीपक कुमार कश्यप को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। वे मनीराम और सुशीला कश्यप के पुत्र हैं। उनका शोध का विषय स्टडी आन बायोकाम्यूलेशन आफ माइक्रो प्लास्टिक इन फ्रेश वाटर फिश था। शोध निर्देशक डॉ मुंशी लाल पटेल थे। उपाधि मिलने पर महाविद्यालय के चेयरमैन अनुराग शुक्ला प्रिसिपल डॉ अंजू शुक्ल, डॉ एमएस तंबोली डॉ मनीष तिवारी डॉ किरण दुबे महाविद्यालय परिवार ने शुभ कामनाएं दी है।

### आरपीएफ की टीम ने पकड़े दो शराब तस्कर

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने आपरेशन सतर्क के तहत शराब व तम्बाकू उत्पादों की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान 18029 कुर्ला एक्सप्रेस में दो संदिग्ध व्यक्तियों को एक बैग के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में सोमनी राजनांदगांव निवासी लक्की बंजारे पिता शेखन बंजारे 29 साल और प्रेमदास कुर्रे पिता सोहनलाल कुर्रे 29 साल के बैग की तलाशी ली गई, जिसमें 31 नग शराब की बोतल रखी थी। आरोपियों को पकड़कर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है। जीआरपी ने दोनों आरोपियों कें खिलाफ धारा 65 (अ), (ई), 66 (ब) दारूबंदी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

---

ऑनलाइन और नकद भुगतान की प्रक्रिया की ली जानकारी

# टिकट काउंटर पहुंचे पीसीसीएम, रिजर्वेशन व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




शनिवार को रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण करते दपूमरे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने शनिवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टिकट और रिजर्वेशन काउंटरों की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा शनिवार दोपहर करीब 1 बजे अचानक बिलासपुर रेलवे स्टेशन के टिकट रिजर्वेशन कार्यालय पहुंचे। उनके अचानक पहुंचने से काउंटरों पर मौजूद कर्मचारी भी हैरान रह गए। निरीक्षण के दौरान पीसीसीएम ने यह देखा कि सभी टिकट और आरक्षण काउंटर खुले हैं या नहीं और वहां काम किस तरह से किया जा रहा है। उन्होंने ऑनलाइन भुगतान और नकद भुगतान की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने सर्वर व्यवस्था को लेकर भी जानकारी मांगी। कितने सर्वर लाइनों से बिलासपुर जोन जुड़ा है, एक सर्वर में तकनीकी समस्या आने पर दूसरे सर्वर से कनेक्ट होने में कितना समय लगता है इन सभी बिंदुओं पर उन्होंने अधिकारियों से सवाल किए। करीब आधे घंटे तक रिजर्वेशन कार्यालय में निरीक्षण करने के बाद पीसीसीएम बिंद्रा रेलवे स्टेशन के यूटीएस काउंटर पहुंचे। यहां उन्होंने काउंटरों के साथ-साथ एटीवीएम मशीनों के ऑपरेटिंग सिस्टम को भी समझा और उनकी कार्यक्षमता का जायजा लिया। अचानक हुए इस निरीक्षण से रेलवे प्रशासन में हलचल रही, वहीं यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के संकेत भी मिले हैं।

### एसएसपी ने किया 'लिटिल गिगल्स' का शुभारंभ



**बिलासपुर।** विद्या नगर से मैग्नेटो मॉल मुख्य मार्ग पर बच्चों की दंत चिकित्सा को नया आयाम देते हुए लिटिल गिगल्स - पेडियाट्रिक एवं फैमिली डेंटल क्लिनिक का भव्य उद्घाटन एसएसपी रजनीश सिंह एवं सीएमडी डायरेक्टर अध्यक्ष संजय दुबे की उपस्थिति में हुआ।

यह आधुनिक क्लिनिक शहर की युवा दंत विशेषज्ञ डॉ. शिवानी दुबे द्वारा शुरू किया गया है। इस अवसर पर मीनू दुबे एवं माधव दुबे, सौरभ, मयंक, नितिन, पीयूष गुप्ता एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में एसएसपी श्री सिंह ने डॉ. शिवानी दुबे की पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार ऐसा क्लिनिक शहर में एक सकारात्मक और जरूरी कदम है।

उन्होंने कहा कि जब इलाज दोस्ताना माहौल में होगा तो बच्चों के मन से दांतों का डर खत्म होगा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

तापमान
अधिकतम 29.4 डिग्री
न्यूनतम 12.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


इंदु चौक पर स्मार्ट सिटी द्वारा बनाया गया बस स्टाप लोगो के सोने के काम आ रहा है।

# पेड़ों ने रोकी चाल, अमरकंटक तक फर्राटे भरने में लगेगा एक साल और

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरवासियों का वाहन चलाकर फर्राटे से अमरकंटक पहुंचने का सपना इस साल के अंत तक ही पूरा हो सकेगा। रतनपुर से केंदा मार्ग का निर्माण पूर्ण करने की समयसीमा जनवरी माह तय थी, लेकिन रास्ते में कटाई योग्य पेड़ों की अत्यधिक संख्या होने व इनकी कटाई की अनुमति मिलने में समय लगने के कारण इसका निर्माण तय समयसीमा में नहीं किया जा सका। सड़क का निर्माण अब दिसंबर अंत तक पूर्ण होने की संभावना जाहिर की गई है।

रतनपुर से केंवची के बीच बनाई जा रही सड़क के बीच अगर पेड़ों की कटाई का मामला न होता तो अब तक शहरवासी अमरकंटक तक वाहनों में फर्राटे भरते नजर आते। इस सड़क का निर्माण पूर्ण कर लेने की मियाद जनवरी तय की गई थी, लेकिन रास्ते में पड़ने वाले पेड़ों की कटाई की स्वीकृति के लिए जटिल प्रक्रिया को पूर्ण करने में काफी विलंब हुआ, जिससे निर्माण की समयसीमा जनवरी से आगे बढ़कर दिसंबर हो गई। कुल मिलाकर अमरकंटक तक फर्राटेदार सफर के लिए अब इस साल के आखिरी महीने दिसंबर तक का इंतजार करना ही होगा।

### 35 सौ पेड़ कटेंगे

तीन पैकेज में बन रही इस सड़क के अतर्गत केंवची से पीपरखुंटी, जोगीसार, बेलपत व कारीआम के बीच करीब 35 सौ पेड़ सड़क निर्माण में बाधक बन रहे हैं। विशेषकर डुगरा, बेलपत, जोगीसार व बनझोरका के बीच करीब 10 किलोमीटर क्षेत्र में पेड़ों की संख्या अत्यधिक है। इन सड़कों की कटाई के लिए वन विभाग से अनुमति मांगी गई थी, वनक्षेत्र में पेड़ों की कटाई संबंधी स्वीकृति की प्रक्रिया जटिल होने के कारण अनुमति मिलने में विलंब होने से सड़क निर्माण काफी बाधित हो गया था। वन विभाग द्वारा वर्तमान में पेड़ों की कटाई की मंजूरी दे दी गई है, जिससे अब निर्माण में गति आएगी।



### केंदा-कारीआम फोरलेन
## 5 हजार पेड़ काटने दिए 11 करोड़

केंदा से कारीआम के बीच पांच किलोमीटर की लंबाई में प्रस्तावित फोरलेन सड़क की सीमा में करीब पांच हजार पेड़ आ रहे हैं, जिनकी कटाई के लिए वन विभाग से अनुमति प्राप्त कर ली गई है। पांच हजार पेड़ों की कटाई के एवज में लोक निर्माण विभाग नेशनल हाईवे संभाग द्वारा वन विभाग को 11 करोड़ का भुगतान किया गया है, जिसमें दस गुना करीब 50 हजार नए पौधे रोपे जाएंगे।

- जनवरी महीने में पूर्ण होना था रतनपुर-केंदा मार्ग का निर्माण
- पेड़ काटने की अनुमति मिलने में लगा समय



### इतना निर्माण पूरा हुआ

केंवची-कारीआम का कुल 35 34 किलोमीटर निर्माण किया जाना है, जिसके अंतर्गत आज की स्थिति में 14 किलोमीटर डामरीकरण पूर्ण किया जा चुका है, वहीं 5 किलोमीटर की लंबाई में डामरीकरण जारी है। इसी तरह रतनपुर से केंदा मार्ग में कुल 42 6 किलोमीटर रोड प्रगतिरत है, जिसमें 17 किलोमीटर डामरीकरण पूर्ण किया जा चुका है।

### केंवची में रेस्ट रूम छतौना में टोल नाका

विभाग के अनुसार सड़क को रतनपुर से अमरकंटक तक शत प्रतिशत तैयार करने के लिए अब दिसंबर तक की समयसीमा तय की जा रही है। इस अवधि तक न केवल सड़क का निर्माण, बल्कि केंवची में एक रेस्ट रूम भी तैयार किया जाएगा। इसी तरह रतनपुर से 31 किलोमीटर दूरी पर छतौना गांव में टोल नाका की स्थापना भी की जाएगी।

### कटाई की अनुमति मिल चुकी है

रतनपुर-केंवची के बीच करीब 35 सौ पेड़ों की कटाई की अनुमति में विलंब होने के कारण सड़क का निर्माण तय समयसीमा में नहीं किया जा सका है। कटाई की अनुमति मिल चुकी है, जिससे निर्माण में गति आएगी। इसी तरह केंवची-कारीआम सड़क का निर्माण भी करीब 19 किलोमीटर पूर्ण किया जा चुका है। दोनों ही सड़कों को जनवरी महीने में पूर्ण हो जाना था, लेकिन अब इनका निर्माण दिसंबर माह तक ही पूरा हो पाने की संभावना है।

- **आरके खांबरा,** ईई, पीडब्ल्यूडी नेशनल हाईवे डिवीजन

## खबर संक्षेप

### हुक्का बार में छापा 6 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने वसुंधरा नगर के एक मकान में दबिश देकर 6 लोगों को धुंए का छल्ला उड़ाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया है। पुलिस उनको थाने ले जाकर अग्रिम कार्रवाई करने में लगी हुई है । सिविल लाइन टीआई एस आर साहू को सूचना मिली कि रिंग रोड टू के एक मकान में कुछ सामाजिक तत्व के लोग देर रात तक पार्टी कर रहे हैं। टीआई साहू ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए रविवार को पेट्रोलिंग पार्टी के आरक्षक केशव मार्को एवं पुलिस लाइन के बल के साथ वसुंधरानगर के उक्त मकान को चारों ओर से घेराबंदी कर दबिश दी गई। हुक्का का कश लगाते हुए विकास ठाकुर पिता कृशन ठाकुर जरहाभाटा, अरबाज खान पिता सुलेखान मंगला, रितेश विश्वकर्मा पिता जीवन विश्वकर्मा एवं तीन नाबालिक को कमरे में हुक्का का कश लगाते हुए सोफा में बैठकर रंगे हाथों पकड़ लिया गया है। पुलिस ने हुक्का के पाट एवं तंबाकू के साथ सभी को थाना ले जाकर अग्रिम कार्रवाई करने में लगी हुई है।

### लाखों की योजना फेल साइकल गायब



**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी फंड से करोड़ों के काम कराए गए है। लोगों की सेहत और सुविधाओ को देखते हुए चौक चौराहों पर किराए पर साइकल उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई। इसके लिए शहर के 6 जगहों पर पब्लिक साइकल शेयरिंग सिस्टम में साइकलल भी रखे गए लेकिन अब ज्यादातर जगहों पर साइकल गायब है। साइकल गायब होने के बाद निगम के अधिकारियों के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है। लाखों की योजना फेल हो चुकी है।

### बेतरतीब बैटरी आटो रिक्शा से नेहरू चौक में रोज जाम



**बिलासपुर।** शहर के अति व्यस्ततम एवं लगातार भारी वाहनों की आवाजाही वाले नेहरू चौक में बैटरी आटो रिक्शा वालों के द्वारा बेतरतीब वाहन खड़ा करने के कारण लगभग रोज ही जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। ऐसा बिल्कुल भी नहीं है कि यहां यातायात के जवानों की ड्यूटी नहीं होती। चौक पर ही पेड़ के नीचे कई जवान ड्यूटी करते नजर आ जाएंगे, लेकिन इसके बाद भी आटो चालकों द्वारा मनमाने तरीके वाहन खड़ा करना समझ से परे है। कई आटो चालक तो ऐसे भी हैं जो अपने वाहन को बीच सड़क पर खड़ा करके सवारी ढूंढने काफी आगे तक पैदल निकल जाते हैं। तब तक सड़क पर बीच में खड़ा आटो यातायात बाधित करता रहता है। यह शहर का ऐसा मार्ग है जहां चौबीसों घंटे भारी व हल्के चारपहिया वाहनों के अलावा बड़ी संख्या में दुपहिया वाहन भी आवागमन करते हैं। शहर के सारे प्रमुख शासकीय कार्यालय भी नेहरू चौक के करीब ही हैं, जिससे यहां लगातार जाम के कारण कर्मचारी व अधिकारियों को आफिस पहुंचने में विलंब होता है।

### मासिक किराया 18 हजार से लेकर 80 हजार तक, इसे चुकाना छोटे दुकानदारों के लिए मुश्किल

# 12 करोड़ खर्च कर प्रीमियम जगह पर बनाया कामप्लेक्स, इसके बाद भी 29 दुकानें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### जिन गरीब दुकानदारों को निगम ने हटाया था वे कैसे इतनी ऊंची बोली पर दुकानें ले पाएंगे



नगर निगम ने 12 करोड़ रुपए खर्च कर इमलीपारा में व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाया है। इसका किराया इतना अधिक रखा गया है कि 29 दुकानें अभी भी खाली हैं। प्रीमियम जगह की दुकानें खाली रहने पर सवाल भी उठ रहे हैं तो साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि जिन गरीब दुकानदारों को निगम ने हटाया था वे कैसे इतनी ऊंची बोली पर दुकानें ले पाएंगे। इन दुकानों का मासिक कियाया 18 हजार से लेकर 80 हजार रुपए तक है, जिसे चुकाना छोटे दुकानदारों के लिए मुश्किल है। इन लोगों का कहना है कि निगम ने तोड़फोड़ के समय दुकानें बनाकर देने का वादा किया था। अब इसे कुछ खास लोगों को दिया जा रहा है। निगम के मुताबिक अभी तक दो दौर में 27 दुकानों का आबंटन हो चुका है तो तीन दुकानें हाईकोर्ट के निर्देश पर दी गईं है। इधर हटाए गए दुकानदार पिछले दो साल से परेशान हैं। इनका कहना है कि आठ महीने के भीतर नई दुकानें बनाकर व्यापारियों को आवंटित कर दी जाएंगी लेकिन अब नियम कायदे बताए जा रहे हैं और परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है।

पुराने बस स्टैंड रोड और इमलीपारा रोड की दुकानों के आवंटन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। इसी बीच निगम ने 59 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर नवंबर 2025 में जारी किया था। भू तल की 22 दुकानों की नीलामी हो भी गई। इसमें निगम को 30 से लेकर 40 हजार रुपए तक किराया मिलेगा। निगम के मुताबिक इन दुकानों से हर महीने 8 लाख 20 हजार और सालाना करीब एक करोड़ रुपए का किराया मिलेगा।

### हाईकोर्ट ने कहा है- आबंटन में प्राथमिकता दें

गौरतलब है कि रश्मि अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, अरुण कुमार तुलस्यान और सुशील समनानी ने एडवोकेट गौतम खेत्रपाल के जरिए हाईकोर्ट में याचिकाएं लगाई थीं। इसमें बताया कि उनकी दुकानें पुराने बस स्टैंड परिसर में थीं और जिनकी लीज खत्म होने के बाद भी निगम ने किराया स्वीकार किया। इसलिए उन्हें 'श्रेणी बी' में रखकर नई दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने माना कि निगम द्वारा अक्टूबर 2022 तक किराया लेने से 'संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, 1882' की धारा 116 लागू होती है, जिसके तहत पुराना किरायेदारी संबंध बना रहता है। जिन दुकादनदारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी उस पर कोर्ट ने निर्देश दिया है कि नीलामी से पहले याचिकाकर्ताओं के व्यक्तिगत दावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि निगम याचिकाकर्ता के मूल लीज समझौते की शर्तों के अनुरूप आवंटन करे।

### तीन साल का बनेगा किरायानामा

इधर निगम ने जो टेंडर जारी किया है उसमें कहा गया है कि दुकानों की किराए पर लेने के लिए अमानत राशि के 50 हजार रुपए का डीडी जमा करना होगा। टेंडर में यह भी शर्त थी कि एक ही क्रमांक की दो दुकानों की मांग आने पर उच्चतम दरदाता की अमानत राशि छोड़कर शेष की अमानत राशि मूलतः वापस कर दी जाएगी। इसके साथ ही 11 महीने का किराया निगम के खाते में जमा करना होगा। दुकानों का आवंटन मासिक किराएदारी पर तीन वर्ष के लिए होगा। हर तीन वर्ष में 15 प्रतिशत वृद्धि किराए में की जाएगी। इधर व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन ने सिर्फ उनकी दुकानों को ही नहीं, बल्कि उनके सपनों और अरमानों को भी बुलडोजर से कुचल दिया है। इतने लंबे समय से बेरोजगार बैठे व्यापारी अब आर्थिक तंगी और तनाव के कारण मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं।

### जल्द होगा आबंटन

निगम ने 59 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर जारी किया है। इसमें से दो चरण में 30 दुकानों का आबंटन हो चुका है। इनका अनुबंध भी हो गया है। बाकि 29 दुकानें भी जल्द आबंटित कर दी जाएंगी।

- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

# याचिका दायर होते ही बैकडेट में जारी कर दिया पोस्टिंग आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### नाराज हाईकोर्ट ने डीईओ को किया तलब



- शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के फर्जीवाड़ा की कहानी अब भी जारी

युक्तियुक्तकरण में फर्जीवाड़ा की कहानी अब भी जारी है। एक हेडमास्टर ने जब हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पदस्थापना की मांग की, तब आनन-फानन में डीईओ ने बैकडेट की फाइल चला दी। जिस दिन याचिका दायर हुई उसके एक दिन पहले की तारीख पर याचिकाकर्ता शिक्षिका के लिए पोस्टिंग आदेश जारी कर दिया गया। हालांकि इसके बाद भी इस तरह की गड़बड़ी को लेकर नाराज हाईकोर्ट ने डीईओ को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत उपस्थित होने और गड़बड़ी को लेकर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। मामले में याचिकाकर्ता ने सीधे डीईओ को पक्षकार बनाया था। याचिका की अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी।

दरअसल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या, तारबाहर में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ चित्ररेखा तिवारी को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गतौरा विकासखंड, मस्तूरी में पदस्थापना दी गई थी। इस स्कूल में हेड मास्टर पहले से ही पदस्थ थे। लिहाजा चित्ररेखा तिवारी तारबाहर मिडिल स्कूल में ही सेवाएं देने लगी। इस बात की जानकारी उन्होंने डीईओ सहित जिला स्तरीय समिति को दी और पदस्थापना की मांग की। आवेदन के बाद भी जब पदस्थापना आदेश जारी नहीं हुआ तब उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की। हेडमास्टर चित्ररेखा तिवारी की याचिका हाईकोर्ट में 31 जनवरी को रजिस्टर्ड की गई। हाई कोर्ट में याचिका दायर होने की जानकारी मिलते ही डीईओ ने बैकडेट में 30 जनवरी को याचिकाकर्ता हेड मास्टर का पोस्टिंग आर्डर जारी कर दिया। हालांकि जिला शिक्षा अधिकारी की यह चालाकी काम नहीं आई और डीईओ कटघरे में खड़े हो गए।

### गड़बड़ी वाली बात नहीं

हेडमास्टर का पदस्थापना आदेश 30 जनवरी को ही जारी किया गया है। 31 जनवरी एवं एक फरवरी को अवकाश होने के कारण एक दिन पहले आदेश जारी किया गया है। इसमें गड़बड़ी वाली कोई बात नहीं है।

- **विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

### डीईओ कार्यालय की गड़बड़ी आई सामने

याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता हेड मास्टर की पदस्थापना आदेश डीईओ कार्यालय ने पहले ही जारी कर दिया है। पदस्थापना आदेश की कॉपी पेश करते हुए अधिवक्ता ने बताया कि 30 जनवरी को फरहदा मिडिल स्कूल के लिए पोस्टिंग आर्डर जारी किया गया है। आर्डर में जारी डेट को देखने के बाद याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कोर्ट को बताया, कोर्ट में याचिका 31 जनवरी को रजिस्टर्ड हुआ है। डीईओ को इस बात की जानकारी नहीं थी कि याचिका कब रजिस्टर्ड हुआ है,लिहाजा कोट को गुमराह करने के लिए बैकडेट में पोस्टिंग आर्डर जारी कर दिया गया है। यह सीधा-सीधा फर्जीवाड़ा का मामला है।

### अब तक पांच जिलों में लागू हो चुकी नई गाइड लाइन

# पहली बार शासन टुकड़ों में जारी कर रहा जमीन की नई दर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य शासन के पंजीयन विभाग द्वारा जमीन की शासकीय बाजार मूल्य निर्धारण संबंधी नई गाइड लाइन टुकड़ों में जारी की जा रही है। अभी तक पांच जिलों के लिए गाइड लाइन जारी हो चुका है, जबकि बिलासपुर जिले की नई गाइड लाइन का प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजा गया है।

- बिलासपुर जिले का प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन समिति को भेजा गया

पंजीयन विभाग में वर्षों पुरानी परंपरा रही है कि जब भी अचल संपत्ति के बाजार मूल्य संबंधी नई गाइड लाइन जारी होती थी तो वित्तीय वर्ष समाप्त होने पर नए वित्तीय वर्ष शुरु 1 अप्रैल से नई गाइड लाइन लागू होते थी। लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि जब शासन चालू वित्तीय वर्ष के बीच में ही नई गाइड लाइन दर लागू कर रही है और वह भी टुकड़ों-टुकड़ों में जारी हो रही है। अभी तक पंजीयन विभाग की ओर से छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर सहितत पांच जिलों में नई गाइड लाइन जारी करने के साथ ही लागू किया जा चुका है, जबकि प्रदेश के दूसरे बड़े जिले न्यायधानी बिलासपुर जिला में नई गाइड लाइन का प्रस्ताव तैयार कर जिला मूल्यांकन बोर्ड से पास कराने के बाद शासन के केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजा गया है और ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि अगले सप्ताह केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड से अनुमोदन पश्चात बिलासपुर में भी अचल संपत्ति की शासकीय बाजार मूल्य का गाइड लाइन जारी हो जाएगा। दूसरी तरफ कई जिलों में तो नई गाइड लाइन का काम भी शुरू नहीं हो पाया है और वहां के पंजीयन अधिकारी नए वित्तीय वर्ष के इंतजार कर रहे थे।

### छग के इन पांच जिलों में नई गाइड लाइन लागू

शासन द्वारा अभी तक प्रदेश के पांच जिलों के लिए नई गाइड लाइन दर लागू किया जा चुका है। सबसे पहले रायपुर और कोरबा जिले के लिए गाइड लाइन 30 जनवरी को आया था। उसके बाद 4 फरवरी को तीन और जिलों धमतरी, बलौदाबाजार व गरियाबंद के लिए नई गाइड लाइन जारी किया गया। पंजीयन महानिरीक्षक ने अपने आदेश में लिखा है कि राज्य में 20 नवंबर 2025 से नई गाइड लाइन दर लागू की गई है और शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को निर्देश जारी किए गए थे कि आवश्यकतानुसार इन नवीन गाइड लाइन दरों में पुनरीक्षण के प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे। इस निर्देश के बाद सभी जिलों से संशोधन प्रस्ताव भेजा जा रहा है और जैसे-जैसे जाते जा रहा है वैसे-वैसे केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदन कर जारी किया जा रहा है।

### केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के निर्णय

गाइड लाइन दरों एवं उपबंधों के पुनरीक्षण संबंधी केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के निर्णय अनुसार नगरीय क्षेत्र में 1400 वर्ग मीटर तक भूखण्डों के इंक्रीमेंटल आधार पर गणना के प्रावधान को समाप्त करते हुए पूर्व प्रचलित उपबंध अनुसार नगर निगम क्षेत्र में 50 डिसमिल तक, नगर पालिका में 37.5 डिसमिल तक और नगर पंचायत में 25 डिसमिल तक स्लैब दर से मूल्यांकन के प्रावधान को यथावत लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### समिति को भेज दिया गया है

शासन द्वारा कुछ जिलों के नई गाइड लाइन जारी की गई है। बिलासपुर जिले में अचल संपत्ति के दर निर्धारण के संबंध में प्रस्ताव जिला मूल्यांकन समिति से केन्द्रीय मूल्यांकन समिति को भेज दिया गया है। केन्द्रीय मूल्यांकन समिति में अनुमोदन के बाद यहां भी नई गाइड लाइन जारी हो जाएगी।

- **राजीव स्वर्णकार**
जिला पंजीयक, बिलासपुर

# सास ने बच्चे के गले में लपेटा रबर, गई जान

**बिलासपुर।** रायगढ़ मेडिकल कालेज से रिफर होकर सिम्स लाए गए मासूम बच्चे को बचाया नहीं जा सका। जीवन और मौत से लड़ते हुए बच्चे ने 5 दिन बाद दम तोड़ दिया है। वहीं बच्चे की मां ने अपनी सास पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।



चौकी से मिली जानकारी के अनुसार विजयलक्ष्मी राठिया 30 वर्ष रायगढ़ के तिनगा गांव में रहती है। पिछले गुरूवार को अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे विकेश राठिया के साथ सिम्स पहुंची। बताया जा रहा है कि उसके गले में किसी ने रबर बांध कर मारने का प्रयास किया था, जिसके रायगढ़ मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया था, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं होता देख डाक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए और बिलासपुर के सिम्स भेज दिया। जहां विकेश पिछले गुरूवार से भर्ती था। इस दौरान सिम्स के डाक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन शनिवार की रात 10 बजे उसकी मौत हो गई लेकिन मासूम की मां को सिम्स की व्यवस्था के चलते दिन भर परेशानी झेलनी पड़ी। दरअसल डाक्टरों ने बच्चे की मौत के बाद मेमो तैयार कर पुलिस के पास नहीं भेजा था। जिसके चलते मासूम का पोस्ट मार्टम करने में काफी इंतजार करना पड़ा, करीब 3 बजे चौकी को मेमो दिया गया। करीब एक घंटे के बाद बच्चे की मां ने अंतिम क्रिया के लिए उसे रायगढ़ लेकर गई। मासूम की मां ने बच्चे की मौत के बाद अपने ही सास पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### अखंड नवधा रामायण का समापन 11 को



**लगरा।** ग्राम पंधी मे 4 फरवरी से आयोजित 9 दिवसीय अखंड नवधा रामायण का समापन 11 फरवरी को होगा। आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देकर भगवान श्रीराम की कथा का वर्णन संगीतमय वर्णन कर रही हैं। इस दौरान देर रात तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे हैं।

### भाजपाइयों ने लोगों को दी वीबीजी-रामजी की जानकारी



**लोरमी।** ग्राम झलरी में चल रहे रोजगार गारंटी योजना में काम कर रहे लोगों के बीच पहुंचकर भाजपा नेताओं ने विकसित भारत जी-राम-जी के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान लोगों को 125 दिन काम एवं एक सप्ताह के अंदर भुगतान के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री विनय साहू, महाजन जायसवाल, जिपं सदस्य अनीता साहू, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, माधव तिवारी, राजेंद्र साहू, जन्मेजय जायसवाल, बेदराम पटेल, कुलेश्वर साहू, गोलू बघेल, विनोद यादव, रघुवीर साहू, कमल साहू, सिराती साहू, छेदीराम साहू, लखन नेताम, धन्नू पटेल, अजय गिरी, बेनी माधव तिवारी, संतराम मरकाम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 10 लीटर कच्ची शराब सहित महिला गिरफ्तार



**बोदरी।** थाना चकरभाठा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मगरउछला निवासी महिला के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब जब्त कर आरोपिता को गिरफ्तार किया गया। मुखबिर की सूचना पर शनिवार 7 फरवरी को चकरभाठा थाना प्रभारी उमेश साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर ग्राम पंचायत मगरउछला में रेखा घृतलहरे के घर पर दबिश देकर घर के पीछे छुपा कर रखी गई 10 लीटर महुआ शराब कीमती 2 हजार रुपए को जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपिता रेखा घृतलहरे पति संजय घृतलहरे उम्र 45 वर्ष को हिरासत में लेकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

### कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय




**दगौरी।** सामाजिक धर्मशाला चकरभाठा कैंप में छत्तीसगढ़ सन्नाड्य कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज में आए हुए प्रकरणों पर विचार-विमर्श कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान समाज के अध्यक्ष परमेश्वर कौशिक ने कहा कि, समाज के विकास में सभी का समान सहयोग होता है। उन्होंने कहा पुरखों की विरासत को संजो कर रखना जरूरी है। सामाजिक सहभागिता से ही समाज का विकास होता है। बैठक के दौरान समाज के महासचिव कृष्ण कुमार कौशिक, कोषाध्यक्ष गुरुजी संतोष कौशिक ने भी सामाजिक विकास पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पार्षद मनहरण कौशिक व उपेंद्र कौशिक व आभार प्रदर्शन समाज के सचिव दशरथ सन्नाट ने किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक विजय कौशिक, उपाध्यक्ष बलदाऊ कौशिक, एडवोकेट श्यामता प्रसाद सन्नाड, सचिव बनवारी लाल सन्नाड, राजेश कौशिक, उमेंद्र कौशिक, भुनेश्वर कौशिक, केशव कौशिक, योगेश कौशिक, लक्ष्मी नारायण कौशिक सहित महिला मंडल संयोजिका गीतांजलि कौशिक, श्रवण कौशिक, कपिल कौशिक सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य व समाज की महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

### जेसीज पब्लिक स्कूल का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम



**मुंगेली।** जेसीज पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में रंगारंग वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी और उत्साह के बीच छात्रों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया। समिति के सांस्कृतिक प्रभारी शरदचंद्र साहू ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। जेसीज शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष हिमांशु कुमार मिश्रा ने विद्यालय की प्रगति की सराहना की। इस मौके पर प्रतिभागियों ने भावपूर्ण गणेश वंदना कत्थक जैसे शास्त्रीय नृत्य, समूह नृत्य बच्चों ने प्रस्तुत किए। वहीं भस्मासुर, किलकारी, तारक मेहता के साथ 'जस्टिस फॉर विमेन' विषय पर आधारित नाटक ने तारीफ करने पर मजबूर कर दिया। लोक नृत्य में छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य रावत नाच, पंजाब की गिद्दा और राजस्थान के घूमर ने समां बांध दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य, विद्यालय का समस्त स्टाफ, बड़ी संख्या में अभिभावक और नागरिक उपस्थित रहे।

## सरपंच सहित आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

# ड्राइवर की लापरवाही से डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिल्हा

ग्राम पंचायत निपनिया में शनिवार 7 फरवरी को एक ट्रक ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सरकारी चावल गोदाम के पास बने डिवाइडर पर वाहन चढ़ा दी। ट्रक की रफ्तार इतनी अधिक थी कि, ट्रक डिवाइडर पर 50 मीटर तक चढ़ गया। घटना के दौरान दो लोग बाल-बाल बचे। घटना से आक्रोशित सरपंच रामेश्वरी राजकुमार कोसले एवं उपसरपंच ममता शिवप्रसाद यादव के नेतृत्व में पंच एवं ग्रामवासियों ने तुरंत चक्काजाम कर दिया। सूचना पर शासन-प्रशासन तत्काल हरकत में आया और बिल्हा तहसीलदार राजेंद्र भरत के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार सूर्यवंशी और बिल्हा थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन की तरफ से आक्रोशित भीड़ को समझाइश दी गई, लेकिन ग्रामवासी पीछे हटने को तैयार नहीं हुए।



### लिखित में दिया गया आश्वासन

इस दौरान ग्रामीण नवनिर्मित सड़क पर स्पीड ब्रेकर निर्माण, गिट्टी से भरी गाड़ियों की जांच कराने, डिवाइडर पर रेडियम और अन्य जगहों पर उचित इंडिकेटर लगाने, सरकारी चावल गोदाम के पास अनुशासनहीनता पूर्वक वाहन चलाने पर पाबंदी लगाने आदि मांगों पर लिखित में आश्वासन देने की मांग पर अड़े रहे। इस पर नायब तहसीलदार, टीआई, सरकारी चावल गोदाम के अधिकारी दुबे एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने लिखित आश्वासन दिया कि 7 दिन के भीतर चारों मांगों को पूरा कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा यदि ऐसा नहीं होता तो ग्रामीण फिर से चक्काजाम करने को स्वतंत्र होंगे। इसके जिम्मेदार अधिकारी रहेंगे।

### मांगों को लेकर पूर्व में भी दिया गया ज्ञापन

विदित हो कि, बिल्हा मोड़ से बिल्हा तक रोड का निर्माण हो रहा है, जिस पर आए दिन निपनिया में दुर्घटना होती रहती है। दुर्घटनाओं की आशंका पर उक्त मांगों को पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बिल्हा एसडीएम को 15 दिन पहले भी ज्ञापन दिया था, जिस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। साथ ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों एवं कलेक्टर को भी आवेदन दिया गया था, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। चक्काजाम करने के दौरान महिला पंच कंचन भार्गव, पुष्पा कौशिक, प्रतिमा गेंदले जी, ममता कोसले, गीता भास्कर, केराबाई डहरिया, भगत गेंदले, सुनील ठाकुर, संदीप बर्मन, आरिफ मोहम्मद सहित ग्रामवासी राजकुमार कोसले, शिव यादव, पूर्व सरपंच उत्तरा भार्गव, अहसान खान, प्रेम गेंदले, संतोष पटेल, रामकुमार पटेल, संतोष बघेल, जयंत भास्कर, महेंद्र भास्कर, द्वारिका पटेल, गणेश यादव, मनोज बंजारे, निखिल, राजा बर्मन, तुम्मन कौशिक, पवन कौशिक, रामानंद यादव, गोलू यादव, शिवा पटेल, नागेश्वर गेंदले, प्रशांत गेंदले, मोनू भास्कर, महेंद्र भास्कर, सोनू भास्कर, श्यामलाल कोसले, शोभित कोसले, मोहन कोसले, रुस्तम बर्मन, वीरेंद्र बर्मन, जितेंद्र टंडन, भागीरथी भास्कर, हीरामणि पटेल आदि मौजूद रहे।

## एनटीपीसी कांटा घर में चोरी का खुलासा

# दो नाबालिग सहित 5 युवक व 3 खरीददार गिरफ्तार



**बिलासपुर।** एनटीपीसी फ्लाई कांटा घर में चोरी करने वाले दो नाबालिग सहित 5 युवकों व 3 खरीददारों को पुलिस ने पकड़कर लिया है। उनके पास से 4.33 लाख के एसी, कम्प्यूटर सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एनटीपीसी ऐश मैनेजमेंट विभाग के अपर महाप्रबंधक अनंत कुमार वाष्णेय ने रिपोर्ट लिखाई। उनके क्षेत्राधिकार में ग्राम कौड़िया के राखड़ डेम में दो कांटा घर है। 3 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे वे निरीक्षण करने गए तो कांटा घर का ताला टूटा था। ऐयर कंडीशनल 2 नग, बैट्री सहित इंटवर्टर 2 नग, डिसप्ले यूनिट 3 नग, कम्प्यूटर सेट 2 नग, सीपीयू, कीबोर्ड, मार्निटर, माउस केबल सेट सहित 4 लाख 33 हजार का सामान चोरी हो गई था। टीआई राजेश मिश्रा को सूचना मिली कुछ युवकों के द्वारा एसी, कप्यूटर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश की जा रही है। एएसआई धर्मेन्द्र यादव, मनहरण सिंह, शरद साहू, रामस्नेही साहू, प्रकाश जगत, नितिश कश्यप ने जांजी निवासी अमन खरे पिता संतोष खरे, विष्णु सोनकर पिता रामकुमार सोनकर, गुलशन कुमार बंजारे पिता अमित कुमार, यश कुमार डोंगरे पिता अशोक डोंगरे व दो नाबालिग को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर सभी ने एनटीपीसी के कांटा घर से सामान चोरी कर बेचना बताया। उनकी निशानदेहीं पर खरीददार कृष्ण कुमार पिता अर्जून कोशले सीपत, गौतम खांडे पिता स्व. रामेश्वर खांडे जांजी, ईश्वर पटेल पिता खगेश्वर पटेल पंधी निवासी को पकड़कर ऐयर कंडीशनल 2 नग, बैट्री सहित इंटवर्टर 2 नग, डिसप्ले यूनिट 3 नग, कम्प्यूटर सेट 2 नग, सीपीयू, कीबोर्ड, मार्निटर, माउस केबल सेट सहित 4 लाख 33 हजार का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# डिप्टी सीएम साव का असम दौरा, 9 विस सीटों की जिम्मेदारी

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव अपने तीन दिवसीय असम प्रवास के दूसरे दिन रविवार 8 फरवरी को लखीमपुर क्षेत्र के भीमपारा में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री साव ने कहा कि, असम की जनता ने विकास और सुशासन के पक्ष में अपना मत देकर विकास को चुना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कुशल नेतृत्व में असम का विकास भारत की प्रगति में बड़ा स्थान रखता है।

■ कार्यकर्ता संवाद व बैठक लेकर कर रहे पार्टी को मजबूत

डिप्टी सीएम श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जी के कुशल नेतृत्व में असम ने विकास के नए शिखर को छुआ है। उन्होंने कहा कि असम की जनता ने ठाना है कि वे भाजपा को लाएंगे और विकास के इस सफर को जारी रखेंगे। श्री साव ने प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने और असम को विकास के नए शिखर पर पहुंचाने में अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, समृद्ध और विकसित असम के लिए फिर एक बार भाजपा सरकार बनाना आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री साव शनिवार को बूथ विजय अभियान के तहत असम के लखीमपुर जिला समिति की ओर से आयोजित संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विधानसभावार संगठनात्मक बैठक लेकर स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। बैठक में चुनावी रणनीति, बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क को लेकर विस्तार से चर्चा की। अरुण साव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि, संगठन की ताकत जमीनी स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें। इसके बाद श्री साव ने विधायक मानव डेका के साथ भीमपारा, लखीमपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री साव ने रविवार 8 फरवरी को बूथ विजय अभियान के तहत 4 विधानसभा की बैठक ली। ढाकुआखाना भाजपा कार्यालय एवं धेमाजी स्थित भाजपा कार्यालय में धेमाजी, सिसीबोरगांव, जोनाई विधानसभा के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। वे 9 फरवरी को 2 विधानसभाओं के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की बैठक लेंगे।




### साहू समाज के लोगों से की मुलाकात

दौरे के पहले दिन अरुण साव ने डिबूगढ़ स्थित डॉ भूपेन हजारिका हवाई अड्डे पर साहू समाज के प्रतिनिधियों से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर समाज के भाई-बहनों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और अपने अनुभव साझा किए। सामाजिक प्रतिनिधियों ने बताया कि, छत्तीसगढ़ के अनेक परिवार रोजगार की तलाश में वर्षों पहले असम के चाय बागानों तक पहुंचे थे। आज वे डिबूगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में पूरे परिवार के साथ सम्मानजनक जीवनयापन कर रहे हैं।

### दक्षिणाम सेवा फाउंडेशन का संयुक्त वार्षिकोत्सव बना ऐतिहासिक

**मरवाही।** दक्षिणाम सेवा फाउंडेशन की ओर से 7 फरवरी शनिवार को दुर्गा पंडाल पुराना बस स्टैंड मरवाही में आयोजित संयुक्त वार्षिकोत्सव क्षेत्र के लिए एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावनाओं, संस्कारों और शिक्षा के उजाले से भरा ऐतिहासिक दिन बन गया। पहली बार मरवाही क्षेत्र के 19 शैक्षणिक संस्थान एक ही मंच पर आए और नगर में एकता, सौहार्द और भविष्य की चमक जगा दी। बच्चों की चमकती आंखें, उनकी नन्ही-नन्ही प्रस्तुतियां, और मंच पर गूंजती तालियों ने यह एहसास दिलाया कि, मरवाही का कल उज्ज्वल है, बस उसे सही मंच चाहिए। इस मौके पर हर संस्था, शिक्षक और हर एक बच्चों ने मिलकर यह संदेश दिया एकता का संदेश दिया। संयुक्त वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्या भारती स्कूल गरयाही, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सोनवेली पब्लिक स्कूल मरवाही, अनंत इंटरनेशनल स्कूल, सन साइन स्कूल लोहारी, प्राथमिक शाला लोहारी, आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मरवाही, डीएवी पब्लिक स्कूल, आरजी मिक्स्ड मीडियम स्कूल मरवाही, विद्या भारती स्कूल मरवाही, सरस्वती शिशु मंदिर मरवाही, माध्यमिक शाला लोहारी, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, मिडल स्कूल कुम्हारी, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल मरवाही, डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय मरवाही, रानी दुर्गावती महाविद्यालय मरवाही, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र मरवाही ने हिस्सा लिया।

# जनहित में खर्च होगी प्रोत्साहन राशि

**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय का विशेष रासेयो शिविर ग्राम ठरकपुर में आयोजित किया गया। शिविर के छठवें दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा, सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, पत्रकार हिमांशु गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, सरपंच चंद्रभूषण कश्यप, चंद्रशेखर साहू एवं नंदकुमार साहू उपस्थित रहे।



थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने कहा कि, शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह व्यक्तित्व के समग्र विकास का माध्यम है। उन्होंने साइबर अपराधों पर विशेष चेतावनी देते हुए कहा कि, आज हर वर्ग के लोग साइबर ठगी के जाल में फंस रहे हैं, और इसका मुख्य कारण लालच और जागरूकता की कमी है। उन्होंने यातायात नियमों को जीवन रक्षा का माध्यम बताते हुए कहा कि, वाहन चलाते वक्त शराब सेवन न करें। ग्राम सरपंच चंद्रभूषण कश्यप ने रासेयो शिविर की सराहना करते हुए कहा कि, इस तरह के शिविर गांवों में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी शत्रुहन धृतलहरे ने बताया कि, एनएसएस केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि ज्ञान, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का अभियान है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को व्यक्तिगत रूप से न देकर सामूहिक रूप से दान किया गया। इस राशि का उपयोग उन गरीब परिवारों के लिए किया जाएगा।

# सुर साम्राज्ञी लता की स्मृति में सजी सुरों की महफिल

**पेंड्रा।** जिला संगीत एवं कला संरक्षण मंच के तत्वावधान में सुर साम्राज्ञी, भारत रत्न लता मंगेशकर की चौथी पुण्यतिथि पर 6 फरवरी शुक्रवार को मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल पेंड्रा के असेंबली हॉल में 'लता की यादें' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लता मंगेशकर के अमर गीतों के माध्यम से सुरों की भावपूर्ण महफिल सजी। गायिकाओं एवं गायकों ने लता के लोकप्रिय गीतों से पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि, लता मंगेशकर ने आठ दशकों तक भारतीय संगीत को अपनी दिव्य आवाज से समृद्ध किया, उनका योगदान सदैव अमर रहेगा। उनकी गीतों ने पीढ़ियों को भावनात्मक रूप से जोड़ा है। कार्यक्रम का समापन लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष राकेश जालान मौजूद रहे। साथ ही पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिंह, विवेक जायसवाल, रामनिवास तिवारी, बृजलाल राठौर, राकेश चतुर्वेदी,




धर्म प्रकाश सातुवाला, अशोक शर्मा, सुखदेव ग्रेवाल, मो नफीस, अखिलेश नामदेव, शरद अग्रवाल, नीरज जैन, मोतीचंद जैन, प्रशांत श्रीवास, मदन पांडे, आदित्य पांडे, कुंज बिहारी तिवारी, संतोष साहू, आमिर अली, विक्रांत सिंह, संतोष तिवारी, अजय राय, अरुण पसारी, दीपक श्रीवास्तव, राजकुमार रजक, अमित गुप्ता, प्रमोद शर्मा, राजू अंसारी, राजेश गुप्ता, शंकरलाल जायसवाल, मोहन जोशी, दुर्गा महलवाला सहित मंच के सदस्य एवं बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

# नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ से भक्तिमय हुआ क्षेत्र, रजनीश हुए शामिल

**सीपत।** ग्राम पंचायत के समीप 7 से 9 फरवरी तक आयोजित नौ कुंडीय विशाल गायत्री यज्ञ ने पूरे सीपत क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भावना से सराबोर कर दिया है। तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर यज्ञ, मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ ले रहे हैं।

रविवार को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह इसमें शामिल हुए। वातावरण वेदमंत्रों की ध्वनि और भक्तिमय संगीत से गूंजता रहा। सुबह गायत्री महायज्ञ तथा सायंकाल दीप यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु परिवार सहित शामिल होकर शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा की कामना कर रहे हैं। दीपों की



पंक्तियों से सजी यज्ञशाला का दृश्य विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आयोजन के दौरान रविवार को विशेष रूप से मुंडन संस्कार, वैवाहिक संस्कार, गर्भ संस्कार सहित अनेक वैदिक संस्कार संपन्न कराए गए। इन संस्कारों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति में पारिवारिक और सामाजिक जीवन के महत्व की जानकारी दी गई। संस्कारों के पीछे छिपे वैज्ञानिक, आध्यात्मिक और सामाजिक पहलुओं को भी सरल शब्दों में समझाया गया, जिससे युवा पीढ़ी में परंपराओं के प्रति नई जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि, गायत्री यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सद्बुद्धि और समाज निर्माण का माध्यम है।

### भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री बने चंद्राकर

**बिलासपुर।** भाजपा किसान मोर्चा का धर्मेन्द्र चंद्राकर को जिला मंत्री बनाया गया है। उनकी नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरन देव सिंह, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा संभाग प्रभारी व जिला प्रभारी के निर्देशानुसार व भाजपा जिला शहर के कोर ग्रुप के निर्णयानुसार भाजपा शहर जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर की अनुशंसा से किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह राजपूत ने की है।



# पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वर्गीय केशरवानी



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सांसद व पूर्व विधायक स्व निरंजन प्रसाद केशरवानी की 32वीं पुण्यतिथि मनाई। पुण्यतिथि कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के शेर के रूप में उन्हें याद किया गया। स्व श्री केशरवानी जनता के कार्य के लिए सदैव तत्पर रहते थे, उन्होंने कभी दलगत भावना से कार्य नहीं किया। स्व निरंजन प्रसाद केशरवानी का जन्म 13 जून 1930 को तथा उनका स्वर्गलोक गमन 8 फरवरी 1994 को हुआ था। वे प्रख्यात अधिवक्ता होने के साथ ही सांसद, विधायक, जिला सहकारी बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मुंगेली के 5 बार अध्यक्ष रहे। साथ ही बिलासपुर जिला भाजपा अध्यक्ष के पद को भी सुशोभित किया था। स्व केशरवानी परेशान व्यक्तियों की हर संभव मदद कर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाने के लिए जाने जाते थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीकांत पांडे, पूर्व जपं उपाध्यक्ष कमलेश्वर केशरवानी, वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक, जिला महामंत्री कैलाश सिंह, मिट्ठू लाल यादव, प्रेम आर्य, द्वारिका जायसवाल, लोकनाथ सिंह, जिला कार्यालय मंत्री कोटूमल दादवानी, आशीष मिश्रा, विनय पांडे, शिवकुमार बंजारा, राकेश साहू, राणा प्रताप सिंह, रामशरण यादव, मन्नू श्रीवास्तव, राकेश साहू, यश गुप्ता, महेश यादव, राजेश्वर टन्डन, घनश्याम यादव, सुखचंद साहू, मनोहर मोहले, रितिमा लाल, स्वेता सोनी, पुहुप साहू, लवलेश सिंह व महिला मोर्चा के पदाधिकारी, जिला व प्रदेश के पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी, युवा मोर्चा के पदाधिकारी-कार्यकर्ता, नगर के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के संयोजक प्रेम आर्य, सह संयोजक दीनानाथ केशरवानी रहे।

### कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक पहुंचे वर्मा को फार्म

**मल्हार।** प्रक्षेत्र परिक्षण के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर के वैज्ञानिकों और कृषि विभाग बिलासपुर के अधिकारियों ने प्रगतिशील किसान दिव्या जदुनंदन के डीजे वर्मा जैविक फार्म मल्हार पहुंचे। फार्म में प्राकृतिक खेती देखकर अधिकारी व वैज्ञानिकों ने उनको प्रोत्साहित करते हुए नवाचार करने सहयोग करने की बात कही। दरअसल इस फार्म मे जैविक एवं प्राकृतिक खेती एक माडल के तौर पर विकसित हो रहा है, जिसमे सिखने और सिखाने का भी काम होता है। इसके लिए समय समय पर कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर के वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन भी मिलता है। पिछले कई वर्षों से इस फार्म में कई रंगों के फूलगोभी का उत्पादन किया जा रहा है। इस बार भी 4 रंग के फूल गोभी का उत्पादन किया जा रहा है जिसमें, परंपरागत सफेद के अलावा हरा, पीला व लाइट ग्रीन गोभी शामिल है।

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी. एस-3/296, मूल आबंटी श्री एम.ए. सिद्दीकी (मोहम्मद अली सिद्दीकी) पिता श्री मोहम्मद ईब्राहीम सिद्दीकी, को स्व-वित्तीय आधार पर आवंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 17.05.2010 को पंजीकृत किया गया हैं। मूल आबंटी एम.ए. सिद्दीकी के मृत्यु दिनांक 12.02.2017 को हो गयी हैं, मृत्यु उपरांत मूल आबंटी के पुत्रों मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी, मोहम्मद इरफान सिद्दीकी एवं पुत्री रइसा सिद्दीकी, की सहमति से उक्त भवन को श्री निसार अहमद सिद्दीकी पिता श्री स्व. एम.ए. सिद्दीकी अपने नाम पर नामांतरित करना चाहता है। नामांतरण अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202602250500003-2/2025-26

ग्राम गोइन्दी प.ह.नं. 3

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. मनोज कुमार पिता रामजी निवासी गोइन्दी तहसील पथरिया जिला मुगेली छ.ग. द्वारा ग्राम गोइन्दी प.ह.नं. 3 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 120/1 रकबा 0.2490 हे. में से 0.20 एकड़ को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाक 16/02/2006 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 29/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

Email:- tahsilpatharia@gmail.com

रा.प्र.क्र./202512250900034/अ-27/2025-26

ग्राम-खैरा, प.ह.नं. 31

**// दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से नोटिस //**

प्रति,

1. राजेश पिता स्व. कुंजबिहारी 2. योगेश पिता स्व. कुंजबिहारी 3. शकुंतला पति स्व. कुंजबिहारी सभी जाति ब्राम्हण, निवासी ग्राम खैरा, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.

अनावेदकगण / अनावेदिकागण

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका सीमा पाण्डेय पति स्व. रितेश, जाति ब्राम्हण, निवासी ग्राम खैरा, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खैरा, प.ह.नं. 31, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/3, 334/1, 347 रकबा क्रमशः 0.676, 0.283, 0.129 हेक्टेयर भूमि शामिल खाता में उभयपक्षकार के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि संयुक्त परिवार की संपति है, जिसकी उभयपक्षकार के द्वारा पारिवारिक व्यवस्था व आपसी सहमति से आज से करीबन 10-11 वर्ष पूर्व मौखिक बंटवारा हो चुका है, जिसके आधार पर उभयपक्षकार अपने-अपने हिस्से की भूमि में निर्विवाद रूप से कृषि काश्तकारी कर कब्जे में चले आ रहे है। उक्त आवेदित भूमि का पूर्व मौखिक बंटवारा व कब्जा के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 16/02/2026 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 06/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**





मूर्ति भगवान श्री वेंकटेश ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य दिव्य हैं। आज किसी भी बीमारी का उपचार कराना काफी महंगा है ऐसे समय में ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक रविवार को लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना वंदनीय है। शिविर में सेवाएं देने वाले चिकित्सक भी बधाई के पात्र हैं। ये बातें दैवी संपद मंडल के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद महाराज ने कही।

**श्री वेंकटेश जी ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय की प्रथम वर्षगांठ पर सम्मान समारोह**

# वंदनीय है ट्रस्ट व चिकित्सकों की नि:शुल्क सेवा : हरिहरानंद






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मूर्ति भगवान श्री वेंकटेश जी ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय की प्रथम वर्षगांठ पर रविवार को सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री वेंकटेश परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में स्वामी जी ने कहा कि शिक्षा व चिकित्सा सेवा के दो कार्य हैं। इसमें चिकित्सा सेवा को श्री वेंकटेश ट्रस्ट द्वारा निरंतर किया जा रहा है। इससे कई लोग लाभान्वित भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भौतिकता के इस दौर में शहर के अनेक डाक्टर समय निकाल कर सेवाएं दे रहे हैं। यह बहुत ही अच्छी बात है। उन्होंने अपील की कि इस सेवा कार्य में निरंतरता लाएं एवं इसे वृहद स्तर पर करने का प्रयास करें। जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने श्री वेंकटेश भगवान के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गणेश वंदना के बाद मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया। मूर्ति भगवान श्री वेंकटेश ट्रस्ट के अध्यक्ष जुगल जाजोदिया ने स्वागत भाषण दिया और बताया कि हर सप्ताह लगने वाले शिविर में 18 चिकित्सकों का निरंतर सहयोग रहा। वर्ष 24 में इस चिकित्सालय भवन के तैयार होने के बाद इसे संचालित करने की थोड़ी चिंता थी पर सबके मार्गदर्शन से धर्मार्थ चिकित्सालय आरंभ हो गया। पहली ओपीडी में मात्र 10 मरीजों ने इलाज कराया था पर अब 88 से ऊपर मरीजों की जांच हो रही है। इसके बाद चिकित्सालय में नि:शुल्क सेवा देने वाले डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ का सम्मान किया गया।

सम्मानित होने वालों में डॉ बीपी सिंह, डॉ बीआर होतचंदानी, डॉ एसएस बाजपेयी, डॉ सुजय मुखर्जी, डॉ केके साव, डॉ संतोष अग्रवाल, डॉ जीके मित्तल, डॉ निकिता जायसवाल, डॉ अरिहंत जैन, डॉ नील माधव, डॉ अनिल श्रीवास्तव, डॉ अरविंद शुक्ला, डॉ रामकृष्ण कश्यप, डॉ अभिजित रायजादा, डॉ एलसी मढ़रिया, डॉ समर्थ शर्मा, डॉ सौरभ लूथरा, डॉ राजेश शुक्ला, नर्सिंग स्टाफ में अर्चना यादव एवं निकिता शामिल रहे। इस मौके पर ट्रस्टी प्रवीण शुक्ला, सुरेश गोयल, दीपक मोदी, अरविन्द दीक्षित, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद दीक्षित एवं आभार प्रदर्शन दीपक मोदी ने किया।

**वनवासियों को आशीर्वाद दें**

उन्होंने स्वामी भजनानंद आश्रम केंदई में 9 से 17 फरवरी तक आयोजित होने वाले श्री विष्णु महायज्ञ एवं वनवासी कन्याओं के विवाह की जानकारी देते हुए बताया कि यह आश्रम वनवासियों की सेवा के लिए समर्पित है। वनवासी कन्याओं को आशीर्वाद देने उपस्थित सभी लोग आमंत्रित हैं। उन्होंने वनवासियों को शिक्षित, दीक्षित कर शिक्षा व विशिष्ट धारा से जोड़ने की बात भी कही।

### कभी खाली नहीं जाता सेवा कार्य : जैन

विशिष्ट अतिथि संभाग आयुक्त सुनील जैन ने कहा कि समाज, संगठन को सेवाएं देने से वह उसी रूप में वापस होता है। उन्होंने एक कहानी के माध्यम से बताया कि अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने पूरी दुनिया में मानवता की सेवा के लिए काम किया। इस काम के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार भी मिला। सेवा कार्य कभी खाली नहीं जाता है आने वाले समय में प्रयास अवश्य सफल होता है। उन्होंने कहा कि सेवा के लिए अच्छी भावना के साथ आगे बढ़ें। यह प्रयास हो कि सेवा सही व्यक्ति को मिले। अपने साथ दूसरे व्यक्ति में भी सेवा का भाव जागृत करें।

### जमा होता है पुण्य के रूप में : रजनेश

विशिष्ट अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि पूरे एक वर्ष से यह धर्मार्थ चिकित्सालय चल रहा है। इसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सेवा भी की जा रही है। यह श्री वेंकटेश ट्रस्ट का बहुत बड़ा सेवा कार्य है। उन्होंने गीता में भगवान कृष्ण-अर्जुन के एक संवाद का उल्लेख करते हुए बताया कि अर्जुन के पूछने पर कृष्ण भगवान ने कहा कि वे सब के हृदय में निवास करते हैं यानी यदि किसी की सेवा करते हैं तो हम भगवान की सेवा करते हैं। हम सभी ईश्वर के ही संतान हैं। सभी इंसान एक है। केवल गुण, कर्म, स्वभाव से अलग हैं। उन्होंने कहा कि सेवा बहुत बड़ी चीज है। सेवा पुण्य के रूप में जमा होती है। वहीं महापुरूषों के आशीर्वाद एवं उनके दिशा-निर्देश से सभी काम फलीभूत होते हैं।

**एग्जाम**

## व्यापमं ने ली सब इंजीनियर पदों पर भर्ती परीक्षा



**बिलासपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को एक पाली में सुबह 11 से दोपहर 1:15 तक सब इंजीनियर के पदों पर शहर के 7 सेंटरों में परीक्षा ली गई। नोडल अधिकारी शिव कुमार कंवर ने बताया कि इस परीक्षा में 2 हजार 541अभ्यर्थीयों ने आवेदन किया था, जिसमें 1 हजार 591 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 950 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहें। परीक्षार्थीयों ने बताया कि दो घंटे की इस परीक्षा में 100 नंबर का प्रश्न पत्र था, इसमें फाजिक्स, सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछा गया। बतादें की व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देशों में परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। सुबह 10:30 बजे तक अभ्यर्थियों के प्रवेश की अनुमति थी इसके बाद किसी भी को प्रवेश नहीं दिया गया। अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले कड़ी फ्रिस्किंग हुई, परीक्षा 11 बजे शुरू हो गई थी।

**कार्यक्रम**

## हमें दूसरे की लकीर मिटाना नहीं अपनी लकीर बड़ी खींचनी है




**बिलासपुर।** वन्दे मातरम मित्र मंडल की 235वीं बैठक हरिहर केदार क्षेत्र मंडूक आश्रम, मदकू दीप में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। स्वामी रामरूप दास महाराज ने कहा कि धर्मांतरण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए किसी की लकीर मिटाने के बजाय हमें अपनी लकीर बड़ी करनी होगी। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के क्षेत्रों में कार्य करने की आवश्यकता है। स्वामी ने मदकू दीप के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मंडूक आश्रम क्षेत्र में उत्खनन के दौरान अनेक देवी-देवताओं की प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं। प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने बताया कि जाति एवं सम्प्रदाय में बंटे हिंदू समाज को संगठित करने हेतु वन्दे मातरम मित्र मंडल पिछले साढ़े चार वर्षों से सतत कार्य कर रहा है।

**आयोजन**

## बंगाली एसोसिएशन ने दृष्टिबाधित छात्राओं का बढ़ाया मनोबल



**बिलासपुर।** सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन बिलासपुर द्वारा संस्था के स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष की तरह दान, ध्यान के माध्यम से सामाजिक उन्नयन की दिशा में योगदान किया गया। संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने तिफरा स्थित एनएफबी ज्ञानदीप स्पर्श कन्या विद्यालय में अध्ययनरत दृष्टिबाधित छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। अध्यक्ष बीसी गोलदार ने इन विशेष बच्चों की एकाग्रता, मेहनत की प्रशंसा की। सचिव असित वरन दास ने कहा कि अंतर्दृष्टि संपन्न दृष्टिबाधित छात्राएं एक दिन अपने पैरों पर खड़े होकर दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत कर सकती हैं। प्रसिद्ध गणित शिक्षक सुब्रत बैनर्जी ने इन बच्चों को दूसरों के लिए प्रेरणादायी बताया एवं इस शिक्षण संस्था के सभी शिक्षक तथा प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की।

**धर्म-क्षेत्र**

## संत बाबा मेहरवान सिंह की मासिक वरसी में सुखमणी साहिब का पाठ



**बिलासपुर।** धन गुरु दरबार में सिंधी कालोनी में संत बाबा मेहरवान सिंह की मासिक वरसी श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान सुखमणी साहिब का पाठ किया गया। सखी सांई रमेश प्रकाश महराज ने कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। मासिक वरसी में भाई जसकीरत सिंह और भाई त्रिलोचन सिंह उल्हासनगर कल्याण से संगत का दर्शन करने पहुंचे। इसके उपरांत गुरु का लंगर वरताया गया। कार्यक्रम में मलचंद नारवाणी, महेश लालचंदानी, सुरेश वाधवानी, नरेश मेहरचंदनी, सुरेश माधवानी, रमेश नारवानी, दिलीप जगमलानी, मुरलीधर, विकास बजाज, अविनाश हिंदूजा, भोजराज नारवानी, अशोक जज्ञासी, गंगाराम सुखीजा, राजकुमार कलवानी, चंदू मोटवानी, राजू धामेचा, विष्णु धनवानी, बलराम रामानी अशोक मतलानी, अनीता नारवानी, पलक मखीजा, ज्योति हिंदूजा, पलक हरजपाल आदि मौजूद रहे।

**गजानन महाराज का प्रकटोत्सव**

## अभिषेक, महाआरती, हवन के साथ महाप्रसाद वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाराष्ट्र मंडल पारिजात कालोनी में गजानन महाराज का प्रकटोत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया जा रहा है। प्रकट दिन होने के कारण रविवार को सुबह गजानन महाराज का अभिषेक कर हवन किया गया। दोपहर में महाआरती की गई। साढ़े 12 बजे से महाप्रसाद आरंभ हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया।

उत्सव में शाम को श्री गुरुकृपा भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। सोमवार 9 फरवरी को शाम 5 बजे से सामूहिक सुंदर कांड का पाठ कर शाम 7 बजे आरती उपरांत गोपालकला वितरित कर उत्सव का समापन किया जाएगा। वहीं रेल्वे महाराष्ट्र मंडल बिलासपुर द्वारा इस वर्ष 51वां संत श्री गजानन महाराज प्रगट दिवस मनाया गया। 50 साल पहले 1975 में मनोहर वेलुस्कर एवं प्रभा मनोहर वेलुस्कर द्वारा तत्कालीन रेल्वे महाराष्ट्र मंडल कार्यकारिणी के सहयोग से यह उत्सव सार्वजनिक रूप से प्रारंभ किया गया था जो अब तक लगातार मनाया जा रहा है।

**गजानन विजय ग्रंथ का पारायण**

सुबह श्री गजानन विजय ग्रंथ के कुल 21 अध्याय का 69 भाविकों ने क्रमिक पारायण प्रारंभ किया। इस बार के पारायण में 10 वर्ष से कम उम्र के 10 बच्चों ने पोथी का वाचन किया। सुबह 10 बजे आचार्य श्री श्याम भेदी ने यजमान आशीष कर्डेकर एवं खुशी आशीष कर्डेकर के हस्ते संत श्री गजानन महाराज का अभिषेक, पूजन हुआ। दोपहर में महाआरती की गई। अंत में भाजी भाकर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भाविकों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

## बड़े बड़ों को हमने छोटा होते देखा अपने- अपने कर्मों का फल ढोते देखा



**बिलासपुर।** छंदशाला की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन डॉ सुनीता मिश्रा के निवास नर्मदा नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बुधराम यादव तथा विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार सोनार की उपस्थिति में काव्य गोष्ठी की शुरुआत हुई। खग सुक पिक सारिका के कलरव किलकार में, सरसों की खेती और टेशू के डार में। लगता है आ गया बसंत द्वार द्वार में देवेन्द्र शर्मा 'पुष्प' ने बसंत के आगमन की सूचना अपनी कविता के माध्यम से शानदार प्रस्तुत किया।

बिखराय बसंत सुहानी छटा महकी सबके मन की फुलवारी। मनीषा भट्ट ने बसंत की सुहानी छटा अपने काव्य में बिखेरी। राजेश कुमार दुबे ने चित भी मेरी मेरी ही पट है,मैं सरकार हूं मेरा बजट है। सरकार की नीति 'चित पट दोनों अपना' पर शानदार व्यंग्यात्मक काव्य प्रस्तुति दी। बड़े बड़ों को हमने छोटा होते देखा अपने अपने कर्मों का फल ढोते देखा। अशोक कुमार शर्मा कर्म फल पर शाश्वत सत्य कविता पढ़ कर सबको कर्मानुसार कर्मफल परिणाम पर सतर्क किया। प्रेम ही धोखा दिया है,न्याय अब कैसे लिखूँ,शब्द सब बिखरे हुए है,गीत कैसे मै लिखूँ इस गीत से शैलेन्द्र गुप्ता ने सबके मन को मोह लिया। शिवरात्रि त्यौहार शुभ धरा बासंती आज।गौरी शिव परिणय सुखद धर्म सनातन साज। डॉ सर्वेश पाठक ने शिवरात्रि त्यौहार पर शिव पार्वती पर सुंदर दोहे पढ़ा। प्रभु ने है बनाई खूबसूरत यह सुखद दुनिया, प्रभु ने ही बनाया है मुझे आभार करता हूं। राजेश कुमार सोनार जी ने ईश्वर की सृष्टि रचना पर समाँ बाँधा।

## छत्तीसगढ़ स्कूल के पूर्व छात्रों ने मधुर स्मृतियों को जीवंत किया



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक शाला के वर्ष 1992–93 बैच के पूर्व छात्रों का 33 वर्षों बाद प्रथम भव्य पुनर्मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर साथियों ने अपने स्कूल जीवन की मधुर स्मृतियों को फिर से जीवंत किया और कुछ घंटों के लिए बचपन की दोस्ती, शरारतों और बेफिक्र पलों को दोबारा जिया। कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र श्रीवास्तव द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए पुनर्मिलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। सभी साथियों ने अपना नाम, शिक्षा, वर्तमान निवास, व्यवसाय, परिवार एवं स्कूल की यादगार स्मृतियाँ साझा कीं। समारोह में बिलासपुर शहर से बाहर से अजय मानकर छिंदवाड़ा से, आनंद मिश्रा नागपुर से, कृपा शंकर तिवारी अंबिकापुर से, आशीष जोशी रायपुर से अभिषेक मिश्रा एवं भरत चंद्रा बलौदा बाजार से ,एवं बिलासपुर से अमित राय, मनीष खरे, संजय रोहरा,संजय वर्तक, नटवर टांक सहित कुल 43 मित्रों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मनोरंजन के तहत लकी राउंड, फन गेम्स, हास्य-मस्ती, गीत-संगीत, ग़ज़ल, नृत्य एवं ओपन स्टेज गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# मेजबान छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों टीम ने जीता गोल्ड

**स्पोर्टर्स न्यूज**

**69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन रविवार को छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला,महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी अध्यक्ष ने प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किया।

इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में आए हुए बच्चों कोच एवं मैनेजर से एक फीडबैक प्राप्त किया जाए जिसमें प्रतियोगिता में यदि कहीं कोई कमी रही हो तो उसे आने वाले भविष्य में सुधार किया जा सके। विधायक धर्मलाल कौशिक ने कहा कि जब हम किसी खेल प्रतियोगिता में जीतते हैं तो इससे हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। पढ़ाई करके हम अच्छे नागरिक बन सकते हैं अच्छे स्थान में जा सकते हैं लेकिन वर्तमान में खेलों के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना स्थान बना सकते हैं और अपना नाम रोशन कर सकते हैं।

विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि हमारा ऐसा मानना है कि बच्चे देश के भविष्य ही नहीं बल्कि वर्तमान भी हैं। समाज की इकाई परिवार है और परिवार की इकाई व्यक्ति होता है यदि व्यक्ति स्वस्थ है तो परिवार स्वस्थ होगा और यदि परिवार स्वस्थ है।

खबर संक्षेप

## 45 लीटर अवैध शराब सहित महिला गिरफ्तार



**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बनाकर बिक्री करने वाली महिला को पकड़ लिया है। उसके पास से 45 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस को सूचना मिली घुटकू रेलवे स्टेशनपारा निवासी माया फेकर पति ईश्वर फेकर 30 साल घर के बाजू में अवैध शराब बनाकर बिक्री कर रही है। पुलिस ने उसके मकान में दबिश देकर माया फेकर को पकड़कर 45 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

## अवैध शराब के साथ पकड़ा गया कोचिया

**बिलासपुर।** बीट भ्रमण के दौरान आरक्षकों ने अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे कोचिया को पकड़ लिया। उसके पास से 36 पाव देशी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, बीट क्रमांक 2 के आरक्षक सज्जूअली, रामचंद कश्यप अपने बीट में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान चोरभट्ठीखुर्द खजुरी रोड के पास अवैध शराब बिक्री किए जाने की सूचना मिली। बीट प्रभारी को अवगत कराकर आरक्षकों ने मौके पर दबिश देकर काठाकोनी निवासी शुभम वासुदेव पिता कैलास वासुदेव 23 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 36 पाव देशी शराब जब्त किया गया है।

## आई फोन सहित स्कूटी चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** चोरों ने आई फोन सहित स्कूटी चोरी कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला अभिषेक विहार निवासी नितिन तिवारी 8 फरवरी की सुबह 5.30 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएल, 4458 से देवकीनंदन स्कूल के पास घूमने गए थे। वे अपनी स्कूटी व डिक्की में आई फोन रखकर स्कूल के बाहर गेट में खड़ी कर ग्राउंड में घूमने चले गए। सुबह 7 बजे घर जाने के बाहर निकले तो उनकी स्कूटी चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## हेडफोन छिपाने का आरोप लगाकर मारपीट

**बिलासपुर।** हेडफोन छिपाने का आरोप लगाकर पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर दिया है। पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, दीनदयाल कालोनी निवासी प्रमोद साहू रात को शराब पीकर घर आया और हेडफोन खोजने लगा। नहीं मिलने पर छिपाने का आरोप लगाकर अपनी पत्नी संख्या साहू के साथ गाली गलौज कर जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

जहां भोजन पैकेट नहीं बनते वहां के बिल से निकली राशि

बिजौर संकुल में दो साल से चाय नाश्ता मुंगेली नाका चौक से पहुंच रहा था

# 20 किमी दूर जनरल स्टोर से मंगाया खाने का पैकेट, चाय- समोसा 10 किमी दूर से

**बिलासपुर।** शिक्षा विभाग में गड़बड़ियों की परत दर परत खुल रही है। जिन संकुल समन्वयकों को व्यवस्था संभालने के लिए नियुक्त किया गया था उन लोगों ने इसे कमाई का जरिया बना लिया। गड़बड़ी का आलम यह रहा कि जनरल स्टोर से समोसा, चाय नाश्ता मंगा लिया गया और हजारों का फर्जी बिल तैयार कर लिया गया। यही नहीं जिन वाहनों का नंबर बिल में है वह स्कूटर और बाइक के हैं जबकि इन्हें पिकअप और आटो बताया गया है। जिन होटलों में भोजन पैकेट नहीं बनते वहां के बिल लगाकर राशि निकाल ली गई है। सबसे बड़ी बात कि बिजौर संकुल जो कि बहतराई क्षेत्र के अंदरुनी हिस्से में है वहां चाय-नाश्ता सकरी और मुंगेली नाका चौक से मंगाया गया है। दोनों जगह 20 और 10 किमी दूर है। प्रारंभिक जांच में सारी गड़बड़ी सामने आ रही है।

■ सभी बिल फर्जी पाए गए

हरिभूमि फॉलोअप


खेल सामग्री, चाय नाश्ते और पुस्तक परिवहन के नाम पर लाखों की गड़बड़ी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

गौरतलब है कि समग्र शिक्षा के तहत 10 लाख रुपए की राशि इन संकुलों को मिली थी। इस राशि से मेंटेनेंस ग्रांट, टीएलएम ग्रांट, मीटिंग टीए और एवं कंटेजेंसी ग्रांट का काम किया जाना था। संकुल समन्वयकों वे लेकिन इसमें फर्जी बिल लगाकर गड़बड़ी कर ली। कई बिलों में न तो बिल नंबर अंकित है और न ही फर्म का वैध पता। बिना सत्यापन के भुगतान भी कर दिया गया। खेल सामग्री, चाय नाश्ते और पुस्तक परिवहन के नाम पर फर्जी बिल पेश कर लाखों रुपए का घोटाला किया गया हैं। ना तो बिल क्रमांक है और ना ही कोई नंबर और कोई स्थायी पता।

### 20 किमी दूर से मंगाया चाय नाश्ता

हाल यह है कि स्कूलों में चाय नाश्ता भी 10 किमी दूर से मगांया गया और इसका फर्जी बिल तैयार किया गया। बिजौर संकुल में सबसे अधिक गड़बड़ी हुई। यह संकुल बहतराई के अंदरूनी क्षेत्र में है लेकिन पिछले तीन सालों में यहां चाय समोसा मुंगेली नाका चौक स्थित रज्जू जलपान गृह से मंगाया गया जबकि बिजौर और राजकिशोर नगर चौक में 10 बड़े होटल और रेस्टोरेंट है। बावजूद इसके इस जलपान गृह का चयन सवाल खड़े करता है। बिल क्रमांक 927 में 10 अक्टूबर 2024 को परख परीक्षा होना बिल में लिखा गया है और 100 रुपए के दर से 600 रूपए का 5 प्लेट चाय नाश्ता और और 9 प्लेट भोजन थाली 180 रुपए प्रति प्लेट की दर से 1620 रुपए का बिल बनाया गया है। जबकि इस होटल में भोजन की कोई व्यवस्था ही नहीं है। साथ ही समग्र शिक्षा से जारी राशि के खर्च में चाय नाश्ता और भोजन करने कराने का कोई प्रावधान नहीं है। इसके बाद भी गड़बड़ी की गई।

### सकरी के जनरल स्टोर से लंच पैकेट

इसी तरह नवीन होटल से 24 और 25 पैकेट लंच 180 रुपए की दर से मंगवाया जाना दर्शाया गया है। किंतु बिल में होटल का पता नहीं है लेकिन बिल में दिए गए मोबाईल नंबर पर फोन करने पर पता चला कि वह कोई होटल नहीं बल्कि अंकित जनरल स्टोर है जो सकरी में है। मोके पर जाने और तस्दीक करने पर सच उजागर हुआ। कि बिल फर्जी रूप से तैयार किया गया है। इसी तरह बिल क्रमांक 937 में 14 सितंबर 2024 में 2 किलो मिठाई, 100 समोसा, 100 चाय और पानी मतलब नियम विरुद्ध शासकीय धन राशि का गबन और दुरुपयोग किया गया।

### इस तरह की गई गड़बड़ी

- बिल क्रमांक 929 जो कि 11 जुलाई 2024 को बना है भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए काफी है। बिल को गौर से देखें तो 16 मार्च 2024, 4 अप्रैल 2024 और 11 जून 2024 को चाय समोसे और मिठाई मंगाई गई है, लेकिन ऐसा कौन सा कार्यक्रम था और क्यों नाश्ता मंगाया गया इस बात का कोई जिक्र नहीं है
- इसी तरह एक जायसवाल होटल का बिल 28 फरवरी 2025 को जारी किया गया है। इस बिल में प्रति समोसा की कीमत 20 और फिर 30 रुपए दर्शाया गया है। साथ ही एक ही बिल में 5 अलग अलग तारीखों का जिक्र करते हुए एक साथ भुगतान किया गया है। साथ ही जायसवाल होटल के बिल में चाय 10,15,20 की दर से दर्शाया गया है।
- रज्जू जलपान गृह बिल क्रमांक 936 जो कि 5 जनवरी 24 को बना है में बिना किसी सामग्री विवरण के 2500 रु का बिल बनाया गया है।

### की जाएगी कार्रवाई

बिजौर और सिरगिट्टी संकुल समन्वयकों ने इस्तीफा दे दिया है। शिकायतों के बाद कलेक्टर की ओर से जांच कमेटी बना दी गई है जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ कर रहे हैं। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई जरूर होगी। आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराए जा सकते हैं।

- वासुदेव पांडे, शहरी स्त्रोत समन्वयक

हाइवा जब्त कर फरार ड्राइवर के खिलाफ पुलिस ने किया अपराध दर्ज

# नो एंट्री में घुसकर हाइवा चालक ने बाइक सवार को कुचला, युवक की दर्दनाक मौत



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नो एंट्री में घुसकर हाइवा के चालक ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए मेला घूमकर घर जा रहे बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई और बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर फरार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।



मृतक।

तोरवा पुलिस के अनुसार, महमंद निवासी विशाल साहू पिता हरिचंद साहू 25 साल टाइल्स मिस्त्री का काम करते थे। रविवार को वे देवरीखुर्द मेला घूमने गए थे। मेला घूमने के बाद दोपहर 2.30 बजे वे बाइक क्रमांक सीजी 10 व्ही, 6274 से घर जा रहे थे। लालखदान ब्रिज में चढ़ते समय नो एंट्री में घूसकर हाइवा क्रमांक सीजी 10 आर, 1054 के चालक ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हाइवा का पहिया युवक के उपर से चढ़कर गुजर गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ को उग्र देखकर चालक हाइवा छोड़कर भाग गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने हाइवा जब्त कर फरार ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की गैर इरादतन हत्या की धारा 105 बी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 3 घाट से बेखौफ हो रही रेत चोरी

तोरवा क्षेत्र में देवरीखुर्द बुटापारा, दोमुहानी, ढेंका घाट में अरपा नदी में 24 घण्टे बेखौफ रेत चोरी किया जा रहा है। तीनों घाट से रेत लेन व ले जाने के लिए दिन रात भारी वाहन व ट्रेक्टर मौत बनकर दौड़ते हैं। जिस हाइवा से बाइक सवार की मौत हुई है वह खाली था।

### गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

सुबह 7 से रात 11 बजे शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा हुआ है। नो एंटी में घुसकर हाइवा चालक ने खतरनाक तरीके से चलाकर बाइक सवार को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई है। हाइवा चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आगे भी ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

-अभय सिंह बैस
तोरवा टीआई

## नाबालिग ने बीएमडब्ल्यू कार से दो बाइक को मारी टक्कर, 5 युवक घायल

अस्पताल में भर्ती घायल





बीती रात तिफरा ब्रिज पर नाबालिग ने तेज रफ्तार में बीएमडब्ल्यू कार को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में 5 युवक घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चालक नाबालिग व उसके पिता के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



दुर्घटनाकारित कार।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, महाराणाप्रताप नगर तिफरा निवासी रितेश यादव पिता बहोरन यादव अपने दोस्त भारत कश्यप, चेन यादव के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएफ, 2485 व विक्की यादव, आकास वस्त्रकार, बाइक क्रमांक सीजी 12 एव्ही, 1279 से शहर में कपड़ा खरीदने आए थे। रात 11.30 बजे सभी तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज होते हुए वापस घर आ रहे थे। तिफरा ब्रिज के ढलान में पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही बीएमडब्ल्यू क्रमांक सीजीसीए, 6956 के चालक ने दोनों बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक में सवार 5 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल युवकों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। इधर हादसे के बाद कार छोड़कर चालक फरार हो गया है। पुलिस ने बहोरन यादव की रिपोर्ट पर कार जब्त कर फरार नाबालिग चालक व उसके पिता के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चेकिंग से बचने कार ने दूसरी कार को मारी टक्कर, जुर्म दर्ज

वाहन चेकिंग से बचने के लिए भागने के फेर ने कार सवार चालक ने दूसरी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बंधवापारा कन्हैया सिटी हाउस निवासी आरूश गांगुली 7 फरवरी को अपनी मां शिउली गांगुली के साथ श्रीराम मार्केट से खरीदी करने के बाद महाराणाप्रताप चौक होते हुए बलेनो क्रमांक सीजी 10 सीसी, 3306 से जा रहे थे। रात 9.15 बजे राजीव गांधी चौक के पास पुलिस वाहनों को रोककर चेकिंग कर रही थी। चेकिंग से बचने के फर में कार क्रमांक सीजी 05 एके, 3791 के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी और भाग गया, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# आसमान से 'जमीन' पर आ ही गई कंडम टाटा सूमो



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहकारिता विभाग को पिछले छह महीने से मुफ्त का डीजल पिलाने वाली कंडम टाटा सूमो आखिरकार आसमान से जमीन पर उतार ली गई है। मल्टीलेवल पार्किंग की छत पर कंडम हालत में धूल खा रही सूमो अब आनन-फानन में सुधार के लिए गैरेज लाई गई है। वाहन को गैरेज में दुरूस्त करवाकर शायद यह मैसेज देने का प्रयास किया जा रहा है कि उक्त गाड़ी कभी बिगड़ी ही नहीं है और इसका लगातार उपयोग किया जा रहा है।

■ मल्टीलेवल पार्किंग की छत से उतरकर गैरेज पहुंची

हरिभूमि में लगातार दो दिनों तक समाचार प्रकाशित होने के बाद एसपी आफिस परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की छत पर धूल खा रही सहकारिता विभाग की कंडम टाटा सूमो क्रमांक सीजी 02 3516 आनन-फानन में पार्किंग से नीचे उतार ली गई है। वाहन को गुपचुप तरीके से कांग्रेस भवन के सामने स्थित श्री कृष्णा मोटर गैरेज नामक संस्थान में सुधार के लिए लाया गया है। शनिवार से लाया गया उक्त वाहन रविवार को भी पूरे दिन वहीं खड़ा रहा। कंडम वाहन को अखबार में समाचार प्रकाशित होने के तत्काल बाद पार्किंग की छत से नीचे उतारकर गैरेज पहुंचाने के कई मायने निकाले जा सकते हैं।

विभाग के अधिकारी शायद अब इस प्रयास में हैं कि वाहन को ठीक करवाकर सड़क पर दौड़ाते हुए शासन को यह मैसेज देकर गुमराह किया जा सके कि उक्त शासकीय वाहन कभी कंडम था ही नहीं, बल्कि इसका लगातार उपयोग किया जाता रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि यह भी प्रमाण देने का प्रयास किया जा सकता है कि पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप में भरवाया जाने वाला डीजल किसी निजी वाहन में नहीं बल्कि इसी टाटा सूमो में ही भरवाया जाता रहा है। इसी तरह अधिकारी के निजी वाहन में भरवाए गए पेट्रोल व जारी बिल भी किसी तरह से समायोजित नहीं कराए गए हैं, बल्कि निजी गाड़ी के पेट्रोल का बिल भुगतान स्वयं अधिकारी ने ही किया है। बहरहाल शासन स्तर पर होने वाली जांच में मामले की सारी सच्चाई सामने आ ही जाएगी।


निजी गाड़ी में पेट्रोल डलवाकर, सरकारी सूमो में डीजल की पर्ची ले रहे थे डिप्टी कमिश्नर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

## युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** एक युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, ग्राम सोन निवासी ईश्वरी पटेल पिता सुखीराम पटेल 17 साल ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# 4 मकानों और 1 दुकान में चोरों ने बोला धावा

**बिलासपुर।** एक बार फिर बीती रात चारों ने एक दुकान व चार मकानों में धावा बोलकर नकद रकम व सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों को पकड़ पाने में नाकाम साबित हो रही है।

■ लाखों का माल लेकर भागे चोर

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, ईदगाह चौक निवासी मो. रिजवान आलम पिता मो. जफर आलम मगरपारा रोड किम्स हास्पिटल के सामने मेगा मार्ट कपड़ा दुकान चलाते हैं। 7 फरवरी की रात 10.30 बजे दुकान में ताला लगाकर अपने घर गए थे। 8 फरवरी की सुबह 10.30 बजे वे जाकर दुकान खोले तो दुकान में लगा टीन का शेड टूटा हुआ था। गल्ले का लाक भी टूटा हुआ था उसमें रखे 25 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। चोरी करते हुए युवक की सीसीटीवी कैमरे में तस्वीर कैद हो गई है। दुकान संचालक आलम ने बताया, पिछले 3 दिसंबर 2025 को भी उनके दुकान में इसी तर्ज पर चोरी हुई थी।

### सिरगिट्टी से जेवर नकद चोरी



सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, हरदीकला निवासी नरोत्तम पारकर 6 फरवरी को छोटे बेटे का छोड़कर पत्नी व बेटों के साथ काम पर चले गए थे। शाम 6.30 बजे घर आए तो उनका बेटा नहीं था। दरवाजा व आलमारी खुली थी। आलमारी से चांदी के दो नग मेंहदीफूल, 8 बाजूबंद, हाफ करधन, 2 पायल, 3 फुल्ली, 4 बिछिया, 1 अंगूठी व 25 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी।

### 10 दिन बाद एफआईआर

बिल्हा पुलिस के अनुसार, प्रकाश कुमार कौशिक नगर पंचायत बिल्हा के पास धनवंतरी मेडिकल स्टोर में काम करते हैं। 29 जनवरी की रात 8 बजे वे दुकान बंद कर चले गए थे। 30 जनवरी को वे दुकान गए तो शटर का ताला टूटा मिला। दुकान से सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल, वाईफाई, डीवीआर चोरी हो गई थी। 10 दिन बाद 7 फरवरी को चोरी की एफआईआर लिखी गई है।

### बिल्डिंग मटैरियल ले गए चोर

सकरी पुलिस के अनुसार, घुरू आशियाना कालोनी निवासी सिविल इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने रिपोर्ट लिखाई। 4 से 6 फरवरी के बीच उनके घर से चोरो ने फिनोलेक्स के पाइप, फिटिंग सामान ब्रुश, वेंटिलेशन, लोहा सरिया, खिड़की सहित 50 हजार का सामान चोरी कर लिया गया है।

### 15 लाख के चोरी का सुराग नहीं

सिविल लाइन क्षेत्र के 27 खोली इंद्रसेननगर निवासी रिटायर्ड रश्मि दुबे पति शुभ रंजन दुबे 64 साल के सूने में मकान से 6 फरवरी को चोरों ने हीरे के टाप्स, हीरे का चेन पैंडल, ओरिजन मोती का कंगल दो जोड़ी व सोने के जेवर सहित 15 लाख के जेवर चोरी कर लिया गया था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411